प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



ईरान की मौजूदा सत्ता को हटाना इतना आसान भी नहीं

पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

रेडक्रास चेयरमैन ने जरूरतमंदों को बाटे कंबल

पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 27 गुरुवार 15 जनवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## कांग्रेस का पीएम मोदी पर तीखा हमला, कहा- बर्बाद कर दी अर्थव्यवस्था, 2025 में एशिया में सबसे ज्यादा गिरा रुपया

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है और यही वजह है कि 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ है। कांग्रेस ने कहा कि एशिया की बाकी करेंसी के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा गिरा है जबकि चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपए के मुकाबले बेहतर रहा है।पार्टी का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपए की रिकार्ड गिरावट न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर सवाल खड़े करती है



बल्कि यह हमारी साख का भी सवाल बन गया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा ष्एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी बना रुपया और 2025 में रुपए ने एशिया के देशों की बाकी करेंसी के मुकाबले सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की है। जहां डॉलर के मुकाबले रुपया –6.03 प्रतिशत कमजोर हुआ, वहीं चीनी युआन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी ने कहा कि रुपए में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट– न सिर्फ हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि श्री मोदी देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## दिल्ली को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सौगात, कुल संख्या बढ़कर 319 हुई

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को राजधानी को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिले। इसके साथ ही दिल्ली में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या 319 हो गई है। दिल्ली सरकार ने भविष्य में 1100 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक दिल्ली के अलग–अलग इलाकों में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे थे। नए केंद्रों के जुड़ने से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक इलाकों तक सुनिश्चित होगी, खासकर उन क्षेत्रों में जहां लोगों को छोटे इलाज के लिए भी बड़े अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिण–पश्चिम दिल्ली के नांगल राया क्षेत्र में एक नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर नागरिक को उनके घर के पास गुणवत्तापूर्ण और मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा, "मकर संक्रांति के इस बड़े पर्व पर आज दिल्ली की जनता को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर समर्पित किए जा रहे हैं। इससे पहले 238 आरोग्य मंदिर पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। इन केंद्रों के माध्यम से हम लगातार दिल्ली में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बना रहे हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवल इलाज के केंद्र नहीं हैं, बल्कि ये रोकथाम, जांच और स्वास्थ्य जागरूकता का भी अहम मंच बनते जा रहे हैं।दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में राजधानी के हर वार्ड और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। सरकार का मानना है कि मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचा बनाना, बड़े अस्पतालों पर बोझ कम करेगा, मरीजों का समय और पैसा बचाएगा, गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान में मदद करेगा। इसी रणनीति के तहत आरोग्य मंदिरों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार न सिर्फ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तार कर रही है, बल्कि आयुष्मान भारत,प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारतदृवय वंदना योजना को भी प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 13 जनवरी 2026 तक दिल्ली में कुल 6,91,530 आयुष्मान हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 2,65,895 कार्ड वय वंदना योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को जारी किए गए हैं। यह आंकड़े दिखाते हैं कि राजधानी में बड़ी संख्या में लोग अब कैशलेस और मुफ्त इलाज की सुविधा से जुड़ चुके हैं। 189 अस्पतालों का पैनल, कैशलेस इलाज की सुविधा, आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को इलाज उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली में 189 अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है।पैनल में शामिल सभी अस्पतालों में मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जा रही है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को इलाज के लिए कर्ज या जेब से खर्च करने की चिंता नहीं करनी पड़ती।स्टेट हेल्थ एजेंसी दिल्ली की देखरेख में आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 36,31,07,621 रुपये से अधिक के इलाज संबंधी क्लेम सेटल किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा बताता है कि योजना का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंच रहा है और अस्पतालों द्वारा सेवाएं सक्रिय रूप से दी जा रही हैं।आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को केवल ओपीडी तक सीमित नहीं रखा गया है। यहां मरीजों को कई तरह की निशुल्क और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिनमें शामिल हैं, डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श, आवश्यक दवाएं, डायग्नोस्टिक जांच, डायबिटीज और हाइपरटेंशन की जांच, कैंसर की प्रारंभिक स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, मुफ्त टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल। इन सेवाओं से खासतौर पर बुजुर्गों, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ा फायदा मिल रहा है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का नेटवर्क मजबूत होने से बीमारियों का समय रहते पता चलेगा, बड़े अस्पतालों में भीड़ घटेगी, इलाज की गुणवत्ता बेहतर होगी। दिल्ली सरकार का यह कदम राजधानी में प्रिवेंटिव और प्राइमरी हेल्थ केयर को नई दिशा दे सकता है।81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के उद्घाटन के साथ दिल्ली सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि स्वास्थ्य उसकी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। आने वाले महीनों में अगर 1100 से अधिक आरोग्य मंदिरों का लक्ष्य पूरा होता है, तो दिल्ली देश की उन चुनिंदा राजधानियों में शामिल हो जाएगी जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सबसे मजबूत मानी जाएंगी।




## कोलकाताः ईडी आई-पैक रेड मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल जज बेंच में सुनवाई

(एजेंसी) कोलकाता। पिछले हफ्ते इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के ऑफिस और इसके को–फाउंडर प्रतीक जैन के घर पर प्रवर्तन निदेशालय की रेड और सर्च ऑपरेशन से जुड़े विवादों को लेकर तीन याचिकाओं और जवाबी याचिकाओं पर समानांतर सुनवाई बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की जस्टिस सुव्रा घोष की सिंगल–जज बेंच करेगी। पहले सुनवाई नहीं हो पाई क्योंकि सुनवाई के समय कोर्ट रूम में बहुत ज्यादा भीड़ होने के कारण जस्टिस घोष कोर्टरूम से चली गईं। इसके बाद उन्होंने बुधवार को अगली सुनवाई की तारीख तय की। खास तौर पर, 9 जनवरी को कोर्ट रूम में हुई उस अफरा–तफरी को ध्यान में रखते हुए, कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने मंगलवार को एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें सुनवाई के समय कोर्ट रूम में एंट्री को सीमित करने का आदेश दिया गया, जिसमें सिर्फ तीनों याचिकाओं से जुड़े पक्षों और वकीलों को ही इजाजत दी गई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या जस्टिस घोष आखिरकार इस मामले की सुनवाई करेंगी, क्योंकि इसी मामले में ईडी की एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी पेंडिंग है।जस्टिस घोष की बेंच में जिस याचिका पर सुनवाई होनी है, वह ईडी ने दायर की है। इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर 8 जनवरी को इन दो जगहों पर रेड और सर्च ऑपरेशन के दौरान केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के सरकारी काम में रुकावट डालकर अपने संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। ईडी ने इस मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की भी मांग की है और मुख्यमंत्री को इस मामले में एक पक्ष बनाया है। इसने उन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की मांग की है जो मुख्यमंत्री के साथ उन दो जगहों पर गए थे, जहां ईडी के अधिकारी रेड और सर्च ऑपरेशन कर रहे थे, और कथित तौर पर कुछ कागजी फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इकट्ठा करके वहां से चले गए थे।तृणमूल ने अपनी काउंटर–पिटीशन में आरोप लगाया है कि चूंकि आई–पैक पार्टी की वोटर–स्ट्रेटेजी एजेंसी के तौर पर काम कर रही है, इसलिए ईडी की रेड का मकसद 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए उसकी चुनावी रणनीति से जुड़े कई दस्तावेज को जब्त करना और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ शेयर करना था।



## पंजाबः मुक्तसर साहिब में मेला माघी शुरू

### सीएम मान ने चालीस मुक्तों को किया नमन

(एजेंसी) चंडीगढ़। दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चालीस मुक्तों की महान शहादत की साक्षी पवित्र धरती श्री मुक्तसर साहिब में मेला माघी पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हो गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर देश–विदेश से बड़ी संख्या में संगतें श्री मुक्तसर साहिब पहुंच रही हैं और गुरु चरणों में शीश नवाकर महान शहीदों को नमन कर रही हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बुधवार को माघी मेले के उपलक्ष्य में श्री मुक्तसर साहिब पहुंचेंगे। वे सबसे पहले गुरुद्वारा श्री टूटी गंढी साहिब में माथा टेकेंगे और इसके बाद एक रैली में शामिल होकर पंजाब के लोगों को संबोधित करेंगे। जानकारी के अनुसार, सीएम मान इस मौके पर संगतों को माघी मेले और चालीस मुक्तों के बलिदान के महत्व से अवगत कराएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संदेश जारी कर खिदराना ढाब की ऐतिहासिक जंग में शहीद हुए चालीस मुक्तों को नमन किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, उन 40 मुक्तों की शहादत को करोड़ों नमन हैं, जिन्होंने धर्म और इंसाफ के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। सीएम मान ने माघी मेले के अवसर पर गुरुओं के चरणों में शीश नवाने पहुंची सभी संगतों के प्रति भी सम्मान प्रकट किया।मेला माघी के चलते श्री मुक्तसर साहिब में जबरदस्त श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। लोहड़ी की रात से ही संगतों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह से लेकर दोपहर बाद तक गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब में मत्था टेकने और पवित्र सरोवर में स्नान करने का सिलसिला लगातार जारी है। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद संगतों की आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही है। न्यूनतम तापमान गिरने के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरोवर में स्नान कर रहे हैं। बता दें कि मुक्तसर साहिब में मेला माघी 1705 में गुरु गोबिंद सिंह जी के लिए लड़ने वाले चाली मुक्ते (40 शहीदों) के बलिदान को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए लगता है, जिन्होंने खिदराना के युद्ध (जिसे बाद में मुक्तसर कहा गया) में मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी।



### दिल्लीः बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के आधिकारिक आवास में आग लगी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। दिल्ली में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद के आधिकारिक आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि घटना के समय पटना साहिब के सांसद घर पर थे या नहीं। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि प्रसाद के आवास पर आग लगने की सूचना सुबह करीब आठ बजकर पांच मिनट पर मिली। आग घर के एक कमरे में रखे फर्नीचर में लगी थी। उन्होंने बताया कि दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं और सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की फॉरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद थी।

## पीएम मोदी होंगे नितिन नबीन के प्रस्तावक,भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्विरोध चुनाव की तैयारी

(एजेंसी) नई दिल्ली। भाजपा को 20 जनवरी,2026 को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने जा रहा है। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इसी दिन भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, जेपी नड्डा की जगह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। यानी इससे पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर चुने जाने के लिए नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे और माना जा रहा है कि उनके खिलाफ और कोई भी नेता नामांकन नहीं भरेगा, जिससे उनका निर्विरोध चुनाव जीतना तय है।बीजेपी को नितिन नबीन के रूप में नया अध्यक्ष मिलने जा रहा है। सूत्रों ने बताया है कि नितिन नबीन के नामांकन में प्रस्तावकों में एक नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी हो सकता है। संभावना है कि 19 जनवरी को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के चुने जाने की औपचारिक घोषणा हो जाएगी। इस दौरान पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी चुनाव नतीजे की घोषणा के दौरान पार्टी मुख्यालय में मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि नितिन नबीन के लिए प्रस्तावकों और उसका समर्थन करने वाले लोगों के हस्ताक्षरों के साथ नामांकन पत्र के कई सेट बनाने की तैयारियां चल रही हैं।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को इसके संयोजक के लक्ष्मण ने दिल्ली में एक बैठक भी की। इस बैठक में इस चुनाव के सह–संयोजक संबित पात्रा और नरेश बंसल भी मौजूद थे। इस हफ्ते के अंत तक चुनाव प्रक्रिया का पूरा खाका जारी किया जाना है। 46 साल की उम्र में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले नितिन नबीन भाजपा के सबसे कम उम्र के नेता होंगे। वह सबसे ज्यादा समय तक इस पद पर रहने वाले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की जगह लेंगे।नितिन नबीन भाजपा युवा मोर्चा में काम करके पार्टी के शिखर तक पहुंचे हैं। उनके कार्यभार संभालने के बाद पार्टी संगठन में भी भारी बदलाव की संभावना है और इसके युवा कार्यकर्ताओं की एक लंबी जमात है, जो बदले हालात में पार्टी में अपने लिए बड़ी भूमिका की उम्मीद कर रहे हैं। क्योंकि, भाजपा मुख्यालय में इन दिनों नितिन नबीन को शुभकामाएं देने आने वाले ऐसे नेताओं की लंबी लिस्ट होने लगी है। ऐसे में उनके लिए संगठन में बदलाव भी एक बड़ी चुनौती साबित होने वाली है।नितिन नबीन की भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर औपचारिक ताजपोशी के साथ ही कुछ बड़ी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना है, जिनमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल विधानसभा चुनाव भी शामिल है, जहां भाजपा कभी सत्ता में नहीं आई है। यही नहीं, असम और पुडुचेरी में भी चुनाव है, जहां भाजपा सत्ता में है और यहां सरकार में वापसी भी एक बड़ी चुनौती होगी।



## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित वरिष्ठ नेताओं ने दी मकर संक्रांति की बधाई

(एजेंसी) नई दिल्ली। मकर संक्रांति का पावन पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के नेताओं ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर लिखा, भगवान सूर्य के उत्तरायण होने एवं नई फसलों के स्वागत के महापर्व मकर संक्रांति और माघ बिहू की हार्दिक शुभकामनाएं। ये सभी पर्व हमारी विविधता और प्रकृति से गहरे प्रेम के प्रतीक हैं जो हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक परंपराओं को और समृद्ध बनाते हैं। ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि ये त्यौहार समस्त देशवासियों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार करें।ष्कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जैसे ही भारत अपनी जीवंत फसल परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एक साथ आता है, उम्मीद है कि हवा कृतज्ञता, खुशी और एकजुटता से भर जाएगी। हम सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कू के त्योहार सभी के लिए असीम खुशी, अच्छे स्वास्थ्य और स्थायी समृद्धि लाएं।राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर लिखा, मकर संक्रांति के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। यह शुभ अवसर आप सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा, नई उमंग एवं नई शुरुआत लाए। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आप समस्त प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की मंगलमय शुभकामनाएं। ष्यह पावन पर्व हमारी गौरवशाली संस्कृति और परहित सरिस धर्म नहिं भाई के मूल्यों का जीवंत प्रमाण है। मेरी कामना है कि सकारात्मकता और सामाजिक सद्भाव का यह संदेश हम सभी को एकजुट करे और हम मिलकर एक सशक्त एवं सेवाभावी समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ष् ऐही सूर्य सहस्त्रांशो तेजो राशि जगत्पते। अनुकम्पये मां भक्त्या गृहणार्ध्य दिवाकर।। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। हमारी प्राचीन भारतीय सनातन परंपरा में आज के दिन स्नान, दान एवं सूर्योपासना का विशेष महत्व है। इस पावन अवसर पर भगवान सूर्यनारायण धनु से मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण होते हैं, जिससे ऋतु परिवर्तन का शुभारंभ होता है तथा नव ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। भगवान सूर्य की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता निरंतर बनी रहे, ऐसी कामना करता हूं।

# सम्पादकीय

## ट्रंप को फिर हुआ नोबेल पुरस्कार न मिलने का मलाल

भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर ने बीती 12 जनवरी को कहा कि वाशिंगटन के लिए कोई भी देश भारत जितना महत्वपूर्ण नहीं है और दोनों पक्ष व्यापार समझौते को मजबूत करने में सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उन्होंने नई दिल्ली आने पर एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दोस्ती का जिक्र करते हुए कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। उन्होंने कहा, ''भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। इसलिए इसे अंतिम चरण तक पहुंचाना आसान काम नहीं है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए .ढ़ संकल्पित हैं। गोर ने कहा, ''व्यापार हमारे संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवाद विरोध, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर मिलकर काम करना भी जारी रखेंगे।


नफीस जाफरी

अब बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तो मालूम हो कि डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मैंने आठ युद्ध खत्म किए। अगर आप उन युद्धों को देखें, तो ये भी बेहद कठिन युद्ध थे जिन्हें समाप्त करना आसान नहीं था और मैं आपको बताता हूं कि भारत और पाकिस्तान आपस में लड़ रहे थे। जैसा कि आप जानते हैं कि वे आमने–सामने थे लेकिन यह उन आठ युद्धों में से एक था। हमने आठ बड़े युद्ध समाप्त किए। कुछ तो 30 साल से भी अधिक समय से चल रहे थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके अलावा किसी और ने आठ युद्ध समाप्त नहीं किए। उन्होंने 2009 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने की फिर आलोचना की। ट्रंप ने कहा, ''याद रखिए, मैंने आठ युद्ध समाप्त किए हैं। ऐसा किसी और ने कभी नहीं किया। मैंने आठ युद्ध खत्म किए और मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला। यह वाकई हैरान करने वाला है। ओबामा को मिल गया। वह कुछ ही हतों के लिए वहां थे और उन्हें पुरस्कार मिल गया। उन्हें खुद भी नहीं पता था कि उन्हें यह क्यों मिला। उनसे पूछा गया कि उन्हें यह क्यों दिया गया, तो वह जवाब नहीं दे सके। ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा अब तक लगभग 80 बार कर चुके हैं। उन्होंने पिछले साल 10 मई को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में ''देर रात तक हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान ''पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हुए। हालांकि भारत ने लगातार किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें दोनों परमाणु सशस्त्र पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोककर लाखों जानें बचाने का श्रेय दिया है। शरीफ पिछले साल व्हाइट हाउस आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''पाकिस्तानी नेता ने एक सार्वजनिक बयान दिया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान से जुड़े संघर्ष को रोककर कम से कम एक करोड़ लोगों की जान बचाई, अन्यथा युद्ध शुरू हो जाता. । इससे पहले, 'फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका। इस दौरान उन्होंने फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच संघर्ष में आठ विमान मार गिराए गए थे। उन्होंने कहा कि हर युद्ध रोकने के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए।

# खिचड़ी भोज आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के गोपालनगर स्थित श्री सीताराम मंदिर सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में कल (आज) दोपहर बारह बजे पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त की अध्यक्षता में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोग का आयोजन श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से किया जाएगा। जिसमें छोटे बच्चों को पतंग वितरित की जाएगी। साथ ही ट्रस्टी गोपाल .ष्ण गुप्ता, संजय गुप्ता, संतोष गुप्ता व डॉ दीपक गुप्ता की उपस्थिति रहेगी।

# ईरान की मौजूदा सत्ता को हटाना इतना आसान भी नहीं


गुलफिशा खान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में हजारों लोगों के प्रति सरकार की क्रूर कार्रवाई के खिलाफ तुरंत सैन्य कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया है। ईरान की तरफ से बैक–डोर बातचीत के संदेशों को समझने पर ध्यान दे रहे हैं। एपी के मुताबिक, व्हाइट हाउस को तेहरान से जो निजी संदेश मिल रहे हैं वे सार्वजनिक बयान से अलग हैं, और वे इनकी पड़ताल कर रहे हैं, ताकि हालात का समाधान ढूंढा जा सके। गौरतलब है कि ईरान में इन दिनों सत्ता के खिलाफ विद्रोह अपने चरम पर है। सुप्रीम लीडर खामेनेई की नीतियों के खिलाफ युवा सड़कों पर उतरे हैं। सरकार को उखाड़ फेंकने तक की बातें कही जा रही हैं। लेकिन इन सबके बीच सरकार बदलने की बात जितनी आसान लगती है, जमीनी हकीकत उतनी ही कठोर है। इसकी सबसे बड़ी वजह है– इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और उसका अर्धसैनिक नेटवर्क बासिज। यही दोनों ईरानी सत्ता की रीढ़ हैं, और यही वजह है कि वहां विद्रोह अक्सर सड़कों तक सीमित रह जाता है, सत्ता तक नहीं पहुंच पाता। कहा जाता है कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स कोई पारंपरिक सैन्य बल नहीं है। यह एक समानांतर स्टेट है. अपनी सेना, खुफिया तंत्र, साइबर यूनिट और विदेशों में सक्रिय नेटवर्क इसकी असली ताकत है। दरअसल ईरान की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल, कंस्ट्रक्शन, पोर्ट्स, टेलीकॉम आदि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के हाथ में ही है। संसद, न्यायपालिका और मीडिया में इसकी गहरी घुसपैठ है। सबसे बड़ी बात, इस्लामिक



रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स सीधे सुप्रीम लीडर के प्रति जवाबदेह है, न कि राष्ट्रपति या संसद के प्रति. यानी सरकार बदले, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नहीं बदलता। अगर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स सत्ता की तलवार है, तो बासिज उसका डर फैलाने वाला साया. बासिज कोई साधारण पुलिस या मिलिशिया नहीं है। यह समाज के भीतर बुना हुआ नेटवर्क है। आपका पड़ोसी, दुकानदार या क्लासमेट भी बासिज से जुड़ा हो सकता है। वहां मुखबिरी एक सिस्टम का हिस्सा बन चुकी है। ईरानी बलों को विरोधियों पर गोली चलाने के लिए अक्सर किसी कानूनी इजाजत की जरूरत नहीं होती है। यही वजह है कि ईरान में विरोध सिर्फ सरकार से नहीं, अपने ही समाज से टकराव बन जाता है। ईरानी शासन विरोध को केवल बल से नहीं तोड़ता, बल्कि मनोवैज्ञानिक तौर पर खत्म करता है। ईरान में छात्र आंदोलन होते हैं, महिलाओं के नेतृत्व में बड़े प्रदर्शन होते हैं, आर्थिक बदहाली पर सड़कों पर गुस्सा फूटता है। लेकिन हर बार अंत एक जैसा होता है। इसका एक मुख्य कारण है– तुलनात्मक शून्यता। यानी ईरान सरकार किसी भी उभरते हुए नेता को या तो जेल में डाल देती है या देश निकाला दे देती है। बिना किसी एक चेहरे या संगठित नेतृत्व के, सड़क पर उतरी भीड़ को लंबे समय तक टिकने नहीं दिया जाता है। इसके अलावा सेना या सुरक्षा बलों में बड़े पैमाने पर विद्रोह नहीं होना भी इन विद्रोहों को अक्सर हल्का कर देता है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और बासिज की वफादारी सुप्रीम लीडर से बहुत ज्यादा है। इसलिए भी ईरान में आंदोलन कमजोर पड़ते हैं। बाहरी दबाव, प्रतिबंध, कूटनीति, यहां तक कि सैन्य कार्रवाई भी ईरान के भीतर सत्ता ढांचे को कमजोर नहीं करती, बल्कि कई बार उसे और मजबूत करती है। ऐसा इसलिए क्योंकि मौजूदा शासन इसे देश बनाम दुश्मन की लड़ाई बना देता है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स खुद को राष्ट्ररक्षक के रूप में पेश करता है। ईरान में समस्या सिर्फ सरकार नहीं, पूरा सत्ता तंत्र है. जहां बंदूक, खुफिया, अर्थव्यवस्था और डर एक ही हाथ में हैं। जब तक प्ळब्ळ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नहीं टूटता, बासिज का सामाजिक नेटवर्क नहीं दरकता और सुरक्षा बलों के भीतर दरार नहीं पड़ती तब तक ईरान में सरकार को उखाड़ फेंकना क्रांति नहीं, लगभग असंभव मिशन बना रहेगा।

# उत्तर प्रदेश की सियासत में प्रियंका गांधी की वापसी की आहट!


शबाब हुसैन

कांग्रेस ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में प्रियंका गांधी को भी शामिल किया गया है। प्रियंका गांधी को असम की स्क्रीनिंग कमेटी का प्रमुख बनाया गया है। कांग्रेस संगठन में प्रियंका को एक और बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। प्रियंका गांधी को पहली बार किसी राज्य में स्क्रीनिंग कमिटी की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। आपको बता दें कि स्क्रीनिंग कमेटी उम्मीदवारों की सूची तैयार करती है जिस पर अंतिम मुहर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति में लगाई जाती है। प्रियंका गांधी के अलावा केरल स्क्रीनिंग कमेटी की जिम्मेदारी मधुसूदन मिस्री को बनाया गया है। टीएस सिंह देव तमिलनाडु और पुडुचेरी की स्क्रीनिंग कमिटी के प्रमुख होंगे। वहीं, बीके हरिप्रसाद को पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 5वों विधानसभा चुनावों में असम इकलौता राज्य है जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है। असम में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के सामने कांग्रेस की कमान सांसद गौरव गोगोई के हाथों में है। प्रियंका गांधी को भले ही टिकट बांटने की ज़िम्मेदारी मिली हो लेकिन साफ़ है कि अब वो इस राज्य के चुनाव में पार्टी के लिए केंद्रीय भूमिका निभाएंगीं। हालांकि असम के साथ प्रियंका गांधी की सक्रियता केरल में रहेगी जहां से वो सांसद भी हैं। इससे पहले प्रियंका गांधी 2019 से 2023 तक यूपी की प्रभारी रह चुकी हैं। असम में प्रियंका गांधी की अगुवाई वाली स्क्रीनिंग कमिटी में इमरान मसूद, सप्तगिरी उलाका और श्रीवेला प्रसाद भी सदस्य होंगे. यूपी से सांसद इमरान मसूद ने हाल में ही अपने एक बयान के जरिए प्रियंका गांधी को पीएम उम्मीदवार बनाने की चर्चा छेड़ दी थी। इसके बाद प्रियंका गांधी के साथ स्क्रीनिंग कमिटी में उनका नाम शामिल किया जाना बेहद दिलचस्प है। बहरहाल असम कांग्रेस ने बीस जनवरी तक दावेदारों से टिकट के लिए आवेदन जमा करने को कहा है. यहां की 126 सीटों में से करीब 100 सीटों पर कांग्रेस और बची हुई 26 सीटों पर उसके सहयोगी दल लड़ेंगे। तो वहीं इधर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के 54 वें जन्मदिन को यूपी में कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर मनाया। विगत सोमवार को लखनऊ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में केक काटने से लेकर गोरखपुर से गाजियाबाद तक सभी बड़े शहरों में यूपी से जुड़े कांग्रेस के बड़े नेताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई जिसमें अगले सौ दिनों का एजेंडा पेश किया गया। सवाल उठता है कि यूपी कांग्रेस ने सौ दिनों का एजेंडा पेश करने के लिए प्रियंका गांधी के जन्मदिन को क्यों चुना? क्या यह यूपी विधानसभा चुनाव से पहले प्रियंका गांधी की प्रदेश की राजनीति में वापसी के संकेत हैं? क्या बीते विधानसभा चुनाव की तरह ही प्रियंका गांधी एक बार फिर यूपी कांग्रेस की कमान संभालने वाली हैं? जनवरी 2019 में प्रियंका गांधी को कांग्रेस महासचिव बना कर यूपी का प्रभार दिया गया था। तब से बीते विधानसभा चुनाव तक प्रियंका गांधी ने धरना–प्रदर्शन और चुनाव प्रचार में दिन–रात एक कर यूपी कांग्रेस का नेतृत्व किया। विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी ने पूरी ताकत झोंक दी। चालीस फ़ीसदी टिकट महिलाओं को दी और आधी आबादी को साधने के लिए नारा दिया "लड़की हूं, लड़ सकती हूं! लेकिन जहाँ 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष रहते राहुल गांधी अमेठी से हार गए वहीं 2022 यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस महज दो सीट और दो प्रतिशत वोट पर सिमट गई। इसके बाद मानों प्रियंका गांधी का यूपी से मोहभंग हो गया। दिसंबर 2023 में प्रियंका गांधी की जगह अविनाश पांडे को यूपी कांग्रेस का प्रभारी बना दिया गया। हालांकि बीते लोकसभा चुनाव में देश भर में चुनाव प्रचार करने के अलावा प्रियंका गांधी ने रायबरेली में कैंप कर राहुल गांधी और अमेठी में केएल शर्मा की जीत सुनिश्चित की। बहरहाल कुछ महीनों बाद प्रियंका गांधी खुद केरल के वायनाड से लोकसभा उपचुनाव जीत कर सांसद बन गईं। महज़ साल भर में सांसद के तौर पर उन्हें अपनी दमदार छाप छोड़ी है। अब कांग्रेस पार्टी चाहती है यूपी विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी अहम भूमिका निभाएँ। बतौर राष्ट्रीय महासचिव यूपी का प्रभार छोड़ने



के बावजूद उन्होंने कोई और ज़िम्मेदारी नहीं ली है। हाल में ही उन्हें असम विधानसभा चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमिटी का प्रमुख बनाया गया है जो महज दो महीने का काम है। पूरे देश में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी अहम भूमिका निभाती ही हैं। चर्चा है कि जल्द उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ी ज़िम्मेदारी मिल सकती है। ऐसे में यूपी में प्रियंका गांधी कि भूमिका क्या होगी यह अभी साफ़ नहीं है। लेकिन उनके जन्मदिन के मौके पर यूपी कांग्रेस यह संदेश देना चाहती है कि प्रियंका गांधी का यूपी से कनेक्शन बना हुआ है और वही प्रदेश में कांग्रेस का चेहरा हैं। दरअसल यूपी में कांग्रेस के पास गांधी परिवार के बाहर योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव और मायावती की टक्कर का कोई बड़ा चेहरा नहीं है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी रायबरेली से ही सांसद हैं लेकिन वो राष्ट्रीय नेता हैं और कांग्रेस उन्हें राज्य की राजनीति में नहीं उलझाना चाहती। ज़ाहिर है कि प्रियंका गांधी के अलावा उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं है। कांग्रेस सूत्रों का मानना है कि भले ही पिछले विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी कोई करिश्मा नहीं कर पाईं लेकिन यूपी गांधी परिवार का "घर" है और प्रियंका यूपी को अच्छे से समझती हैं। प्रियंका गांधी 1998 से अमेठी–रायबरेली के चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाती आई हैं जब सोनिया गांधी पहली बार चुनावी मैदान में उतरी थीं. उनके चेहरे से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ता है। अभी से प्रियंका गांधी का नाम आगे कर कांग्रेस दो निशाने लगाने की कोशिश कर रही है। पहला संगठन में जान फूँकने की कवायद है और दूसरा समय रहते समाजवादी पार्टी को संदेश कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव को लेकर बेहद गंभीर है। बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में अच्छा प्रदर्शन किया था। आगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस इस गठबंधन को बरकरार रखते हुए करीब सौ सीटों पर लड़ना चाहती है। कांग्रेस को भरोसा है कि प्रियंका गांधी केंद्रीय भूमिका में रहीं तो सीटें कम नहीं होंगी। अगर बात नहीं बनी तो कांग्रेस के पास अकेले जाने या नया प्रयोग करने का विकल्प भी होगा। प्रियंका गांधी की यूपी में वापसी को लेकर सवाल पूछे जाने पर यूपी कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि वो गई ही कब थीं! वो तो हमेशा हम लोगों के साथ ही हैं और यूपी को प्राथमिकता देती हैं। जहां तक यूपी कांग्रेस में अगले सौ दिनों के एजेंडे का सवाल है तो अगले तीन महीनों में कांग्रेस बड़े पैमाने पर संविधान–संवाद महापंचायत के तहत क़रीब तीस सभाएँ आयोजित करने जा रही है। इसका समापन अप्रैल में लखनऊ में एक बड़ी सभा से होगा जिसमें राहुल गांधी के भाग लेने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक संविधान संवाद में कई कार्यक्रमों में प्रियंका गांधी शामिल होंगी। इन सभाओं, असम चुनाव और संसद के बजट सत्र के बाद ही संभवतः साफ होगा कि कांग्रेस के मिशन यूपी में प्रियंका गांधी की क्या भूमिका रहने वाली है।

# सऊदी अरब और यू.ए.ई. के बीच तनाव भारत के लिए क्यों मायने रखता है?

के.पी. नायर

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का घनिष्ठ मित्रतापूर्ण संबंधों से प्रतिद्वंद्वी बनने का परिवर्तन नई दिल्ली के लिए सतर्कता की मांग करता है। भारत–कनाडा संबंधों में बरती गई लापरवाही या 2024 में डोनाल्ड ट्रम्प के अमरीकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के बाद से भारत–अमरीका के बीच औपचारिकता की पूर्ण कमी को खाड़ी सहयोग परिषद (जी.सी.सी.) के सदस्य देशों में नहीं दोहराया जाना चाहिए। पिछले 10 वर्षों में भारत की कूटनीति के लिए संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ संबंधों का विस्तार एक शानदार सफलता रही है। लेकिन जैसा कि बंगलादेश ने पिछले साल दिखाया, विदेश नीति कभी स्थिर नहीं होती। पहले भारत इन नव–धनी देशों में बन रही विशाल, पैट्रोडॉलर–वित्त पोषित निर्माण परियोजनाओं, जैसे आवास से लेकर रिफाइनरियों तक, के लिए बड़ी संख्या में गैर–राजनीतिक और भरोसेमंद श्रम का स्रोत मात्र था। भारत अब एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है, न कि मध्य स्तर का विकासशील देश। खाड़ी देशों में तेजी से बदलती परिस्थितियों की भारत को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। भारत में पहले समय की परिस्थितियां खाड़ी देशों की परिस्थितियों के अनुकूल नहीं थीं, सिवाय भारत की आयाओं, भारवाहकों, रसोइयों और चालकों (जिन्हें स्थानीय रूप से ए.बी.सी.डी. कहा जाता था) के लिए काम तलाशने के। संयुक्त अरब अमीरात में 45 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो अमरीका में रहने वाले मूल भारतीयों की संख्या के बाद दूसरे स्थान पर है। सऊदी अरब लगभग 28 लाख भारतीयों के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर है। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब मिलकर भारत में सबसे अधिक धन प्रेषण का स्रोत हैं। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा योगदान जी.सी.सी. देशों का है। भारत का रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार लगभग पूरी तरह से आबू धाबी से प्राप्त कच्चे तेल से बना है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के संबंधों में आई इस गंभीर गिरावट का तात्कालिक कारण यमन को लेकर दोनों देशों का अलग–अलग दृष्टिकोण है। मार्च, 2015 से दोनों देशों ने सना में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को बहाल करने के लिए मिलकर लड़ाई लड़ी, जिसे ईरान के समर्थन से हौथियों ने उखाड़ फैंका था। चार साल बाद, जब संयुक्त अरब अमीरात की मौतें बढने लगीं, तो उसने यमन में अपनी सैन्य उपस्थिति कम करनी शुरू कर दी। दूसरी ओर, सऊदी अरब को उतने लोगों का नुकसान नहीं हुआ क्योंकि उन्होंने हौथियों पर हमले हवाई बमबारी तक ही सीमित रखे। सहानुभूति जताते हुए, यू.ए.ई. के पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर स्थापित खलीफा फाऊंडेशन चौरिटी ने घायल यमनी लोगों को इलाज के लिए भारतीय अस्पतालों में विमानों से भेजा। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' के विघटन के बाद, संयुक्त अरब अमीरात ने अदन में एक अलगाववादी समूह–दक्षिणी संक्रमणकालीन परिषद (एस.टी.सी.). को अपना प्रतिनिधि बना लिया। सऊदी अरब एक एकीकृत यमन चाहता है, जो उसकी कानूनी सरकार के अधीन हो।पिछले सप्ताह, राष्ट्रीय राजधानी में स्थित यू.ए.ई. समर्थित एस.टी.सी. ने व्यावहारिक रूप से उस पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया था, जो पूर्व में दक्षिण यमन कहलाता था। सऊदी अरब के समर्थन से सना से किए गए हमलों के बाद अदन स्थित इस क्षेत्र का मुख्य हवाई अड्डा बंद कर दिया गया था। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सूडान को लेकर भी आमने–सामने हैं। दक्षिण सूडान गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यू.एन.एम.आई.एस.एस.) में 2306 भारतीय सैनिक तैनात हैं। सूडान और दक्षिण सूडान के बीच विवादित क्षेत्र अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यू.एन.आई.एस.एफ.ए.) में 506 भारतीय शांति सैनिक भी हैं। यदि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अपने–अपने सहयोगियों को हथियारों की आपूर्ति और वित्तीय सहायता बढ़ाते हैं, तो उन्हें खतरा होगा। ओ.एन.जी.सी. विदेश लिमिटेड ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा रणनीति के तहत अविभाजित सूडान के तेल उद्योग में 2.3 अरब डॉलर का निवेश किया था। यह निवेश अब दोनों सूडानों में फैला हुआ है और गृहयुद्ध से प्रभावित हुआ है।

# अमेरिका-यूरोप के गठजोड़ में टूट का हम फायदा उठाएं

मिन्हाज मर्चेंट

डेनमार्क के सम्प्रभु क्षेत्र ग्रीनलैंड पर ट्रम्प की हमले की धमकी ने नाटो के सदस्य देशों के बीच सैन्य टकराव का खतरा पैदा कर दिया है। 32 सदस्यीय नाटो गठबंधन के अनुच्छेद–5 के तहत यदि किसी सदस्य देश पर हमला हो तो दूसरे सदस्यों को उसकी रक्षा करनी होती है। हालांकि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे नाटो सदस्य अमेरिका से टकराने का जोखिम शायद ही उठाएंगे। लेकिन आखिर अमेरिका को ग्रीनलैंड क्यों चाहिए? क्योंकि इस आर्कटिक द्वीप की तीन बड़ी खूबियां हैं। पहली, आर्थिक रू ग्रीनलैंड में पर्याप्त तेल और खनिज भंडार हैं। दूसरी, सुरक्षागत रू ग्रीनलैंड रूसी और चीनी नौसेनाओं तथा उनके लड़ाकू विमानों पर लगतार निगरानी रख सकता है, क्योंकि वे लगातार इस द्वीप के ऊपर से गुजरते हैं। तीसरी, लॉजिस्टिक्स सम्बंधी रू ग्रीनलैंड यूरोप व एशिया के बीच कम समय लेने वाले आर्कटिक समुद्री मार्ग मुहैया कराता है। ये व्यापार के साथ भविष्य के सैन्य अभियानों के लिए भी अहम है। ट्रम्प कहते हैं कि अमेरिका ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करेगा, चाहे सख्त रास्ता ही क्यों ना अपनाना पड़े। यूरोपीय देश इससे चिंतित हैं। ग्रीनलैंड की आबादी मात्र 57 हजार है, लेकिन उसके लोग अमेरिका का हिस्सा बनने के खिलाफ हैं। 18वीं सदी से ही ग्रीनलैंड डेनमार्क के अधीन है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने अपना रुख साफ कर दिया है कि ग्रीनलैंड पर बलपूर्वक कब्जे की कोशिश नाटो के अंत की घोषणा होगी। नाटो के सदस्य अन्य यूरोपीय नेताओं ने भी फ्रेडरिक्सन का समर्थन किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा है कि 'ग्रीनलैंड का भविष्य वहां के लोगों और डेनमार्क द्वारा ही तय किया जाएगा।' लेकिन ट्रम्प ने यूरोप की आपत्तियां खारिज कर दी हैं। उन्हें तो अमेरिका–यूरोप गठबंधन के संभावित विघटन की भी ज्यादा चिंता नहीं है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही पश्चिम के तमाम भू–राजनीतिक सिद्धांतों का आधार रहा है। ट्रम्प के लिए अमेरिकी और कैरेबियाई क्षेत्र वाले पश्चिमी गोलार्ध का महत्व अटलांटिक महासागर के पार वाले पुराने यूरोप से कहीं अधिक है। भू–भागों पर जबरन कब्जा करने का अमेरिका का लंबा इतिहास रहा है। अमेरिका में आए शुरुआती ब्रिटिश उपनिवेशवादियों ने वहां सदियों से रह रहे मूल अमेरिकियों से उनकी जमीन हथिया ली थीं। आजादी के बाद अमेरिका ने 1846–48 में मैक्सिको से युद्ध लड़ कर कैलिफोर्निया और टेक्सास समेत उसकी आधी भूमि कब्जा ली थी। उससे पहले 1803 में अमेरिका ने फ्रांस से लुइसियाना और 1867 में रूस से अलास्का खरीद लिया था। ऐसे में ग्रीनलैंड पर कब्जा करना भी उसके औपनिवेशिक डीएनए का ही हिस्सा है। अमेरिका और यूरोप के बीच ऐतिहासिक रिश्तों का कमजोर होना भारत के लिए भू–राजनीति के नए विकल्प खोलता है। 2030 तक भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है। भारत का 60 करोड़ मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं का बाजार अमेरिका और ईयू के कुल उपभोक्ता बाजार से भी बड़ा है। चीन में अहम तकनीकी उद्योगों से बहिष्कृत और अमेरिका में भारी टैरिफ का सामना कर रहीं यूरोपीय कंपनियों के लिए भारत का यह विशाल बाजार एक आकर्षक पेशकश करता है। हालांकि, भारतीय उपभोक्ताओं की खरीद–क्षमता अभी सीमित है, लेकिन उनकी खर्च योग्य आय अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के उपभोक्ताओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। आज जब ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका–यूरोप का पश्चिमी गठबंधन टूट रहा है तो भारत को इस मौके का फायदा उठाते हुए 1 फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट में कस्टम ड्यूटी में और छूट देनी चाहिए। जरूरत इस बात की है कि इस निर्णायक दौर में आर्थिक सुधारों की रफ्तार और तेज कर दी जाए। आज जब ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका और यूरोप का पश्चिमी गठबंधन टूट रहा है तो भारत को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। हम आगामी 1 फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट में कस्टम ड्यूटी में और छूट दे सकते हैं।

# जर्जर सड़क की मरम्मत व खुले नाले को ढ़कवाने की उठाई आवाज

## –नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के सैयदवाड़ा मौहल्ला निवासी फरहान जाफरी ने मोहल्ले के ही कूड़ तालाब से जुड़ी जर्जर गली व खुले हुये खतरनाक नाले पर चिंता व्यक्त करते हुये इसकी मरम्मत कराने की मांग से सम्बन्धित एक ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को भेजा है। भेजे गये ज्ञसपन में बताया कि मुस्लिम इण्टर कालेज व सभासद वसीम खान राजू के घर के बगल वाली गली बेहद जर्जर हो गयी है। सात वर्ष पहले पूर्व सभासद नायला असमत ने नाले की जेसीबी से सफाई कराई थी लेकिन जेसीबी बड़ी होने के कारण उचित सफाई नही हो पाई थी और गली में लगे हुये पत्थर भी टूट गये थे। जिसके चलते सड़क और भी बदतर हो गयी है। सड़क निर्माण के लिये कई बार चेयरमैन को पत्र दीये गये थे। लगभग तीन वर्श पहले पूर्व अध्यक्ष द्वारा बताया गया था कि सड़क मरम्मत का प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में पास किया जा चुका है लेकिन बाद में किसी विपक्षीय व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से आवेदन देकर प्रस्ताव को निरस्त करा दिया था। सड़क निर्माण के लिये वर्तमान सभासद राजू से भी बात की गयी लेकिन आष्वासन के सिवा कुछ भी नही मिला और सड़क व नाला जस की तस हालत में है। खुले नाले में कई बार राहगीर व पशु भी गिरकर चोटहिल हो चुके है। इतना ही नही खुले नाले में मोहल्ले के लोगो द्वारा कूड़ा डालने से दूर्गंध आती है जिससे नाना प्रकार की बीमारिया बढ़ने का खतरा मडरा रहा है। उन्होने पालिका प्रशासन से जनहित में सड़क की मरम्मत व नाले को ढ़कवाने की मांग की है ताकि मोहल्ले वासियो को राहत मिल सके।




# हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलते पांच गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। दौराने क्षेत्र भ्रमण जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा चिल्ला मे बरमबाबा के चबूतरे से मोहन लाल के खेत के बगल मे बने रास्ते के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाते हुए जुआ खेल रहे है उक्त सूचना पर थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर दबिश देकर 05 व्यक्तियो को गिरतार कर कुल 5800 रुपये बरामद किये थे जिसका विवरण निम्न है मनीष कुमार पुत्र कैलाश सोनकर उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम चिल्ला थाना चिल्ला से बरामद 150 रूपया, रवि पुत्र बाबूराम सोनकर उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम अमलिया थाना भरूआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर से बरामद 230 रूपया, कल्लू पुत्र लल्लू वर्मा उम्र करीब 49 वर्ष निवासी ग्राम चिल्ला थाना चिल्ला से बरामद 200 रूपया, अशोक पुत्र मुन्नू लाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम चिल्ला थाना चिल्ला से बरामद 170 रूपया, रामकुमार सोनकर पुत्र पच्चूलाल उम्र करीब 41 वर्ष निवासी ग्राम चिल्ला थाना चिल्ला से बरामद 50 रूपया कुल 800 रूपया माल फड 5000 रूपया बरामद किया। जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0स0 08/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग थाना चिल्ला पंजी.त कराया गया।



# विद्यालय स्तरीय भाषण, चित्रकला व नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय भाषण, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया। मंडलीय समन्वयक/मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं यातायात नियमों के विषय में विस्तार से बताया तथा झुंड में साइकिल ना चलाने की नसीहत दी हिदायत दी कि विद्यालय परिसर कोई भी छात्र दोपहिया वाहन लेकर यदि आता है तो उनके एवं अभिभावक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, हेलमेट ,सीट बेल्ट,नशे की हालत पर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना एवं अन्य सड़क सुरक्षा नियमों के विषय में विस्तार से समझाते हुए छात्रों को एक श्रेष्ठ मददगार की भूमिका भी निभाई की अपील की तथा दुर्घटना में घायल व्यक्ति की प्रारंभिक देखभाल करने के तरीके से भी परिचित कराया डॉ. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें भाषण में प्रथम स्थान कक्षा 10 के छात्र अनव पाल एवं चित्रकला के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में .पा शंकर कक्षा 10 ने प्रथम एवं अनस कक्षा 10 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया यह सभी छात्र जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 16 जनवरी को प्रतिभाग करेंगे, डॉ. पीयूष ने प्रतिभाग लेने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी तथा अंत में सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई।



# सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में युवा महोत्सव व संस्कृति उत्सव का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानौता, सहारनपुर। राजकीय महाविद्यालय में सांस्तिक परिषद के तत्वाधान में युवा महोत्सव व संस्ति उत्सव 2025–26 का आयोजन प्राचार्य डॉ प्रविन्द्र कुमार के संरक्षण एवं निर्देशन में किया गया। सांस्कृतिक परिषद प्रभारी डॉ गरिमा चौधरी व संस्ति उत्सव 2025–26 प्रभारी डॉ इंदु के निर्देशन में निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाना तथा लोकगीत तथा मतदाता जागरूकता (हेल्प डेस्क) कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रविन्द्र कुमार ने कहां कि युवा रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की समता रखते है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना से प्रेरणा लेने का आहवान किया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय के वरूण, द्वितीय स्थान बीए पचंम के अर्जित तथा तृतीय स्थान बीएससी पचंम की रिया ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीए पचंम की प्रिंसी देवी ने प्रथम, द्वितीय स्थान बीए प्रथम की गीतांशी तथा तृतीय स्थान बीए प्रथम खुशी ने प्राप्त किया। क्राट प्रतियोगिता में बीए पचंम की प्रिंसी देवी ने प्रथम, बीए प्रथम की विशाखा ने द्वितीय तथा बीए तृतीय की आरती ने प्राप्त किया। लोकगीत प्रतियोगिता में बीए तृतीय की मन्नु ने प्रथम, बीए प्रथम की शिवानी ने द्वितीय तथा बीए प्रथम की तानियां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार, डॉ राजेश कुमार, डॉ प्रमोद सिंह चौहान एवं कार्यालय से विकास चन्द शर्मा, सचिन खरे, ओमपाल एवं गोविंदा उपस्थित रहे।



# काम के अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं : सांसद राकेश

## - मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस हर विधानसभा क्षेत्र में निकालेगी पदयात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और गरीबों के काम के अधिकार की रक्षा हेतु मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सांसद राकेश राठौर ने अपने आवास पर एक तीखी और स्पष्ट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर सीधा हमला बोला। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने की साजिश रची जा रही है। बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में महीनों की देरी और काम के दिनों में कमी करके गरीब मजदूरों को भूखमरी की ओर धकेला जा रहा है। यह सीधे–सीधे संविधान द्वारा प्रदत्त काम के अधिकार पर हमला है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकती है, लेकिन गरीब मजदूर की मजदूरी देने में उसे शर्म नहीं आती। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है। भाजपा सरकार इस योजना को कमजोर कर गरीबों से उनका आखिरी सहारा छीनना चाहती है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ जन–जन को जागरूक कर आंदोलन तेज करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा की नीतियों से त्रस्त होकर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा और कांग्रेस की विचारधारा में आस्था जताई। सभी नवप्रवेशी साथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सपा की प्रदेश सचिव पद छोड़कर आयी अनुप्रिया बर्मा ने कहा कि भाजपा मजदूर बिरोधी है मनरेगा को खत्म करना चाहती है। भाजपा जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। इस अवसर पर सुभासपा छोड़कर आये एडवोकेट ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर सभी कांग्रेस जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला प्रवक्ता एहिताशाम बेग ने भी कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसे कमजोर करना गांव, गरीब और मजदूर के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि कांग्रेस पार्टी गरीब, मजदूर और किसान के अधिकारों की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेगी। इस मौके पर शिव प्रकाश सिंह, अनुपम राठौर, राधेश्याम कनौजिया, राजेश पाल, राहुल पाल, हसीना खातून सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : राजमंगल यादव

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजमंगल यादव के सशक्त, निर्भीक एवं जुझारू नेतृत्व में आज मऊ जनपद में योगी–मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों और पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन 11 जनवरी को वाराणसी में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम के दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ की गई अमानवीय, निंदनीय और शर्मनाक पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में आयोजित हुआ। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष सईदुर्रहमान अंसारी ने तीखे शब्दों में कहा कि शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक आंदोलन के दौरान छात्र नेतृत्व को सड़क पर गिराकर बेरहमी से पीटना और घसीटना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज समाप्त होकर लाठी, डर और दमन का शासन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल छात्र आंदोलन पर हमला नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा आघात है। विरोध प्रदर्शन के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषी पुलिस अधिकारियों की तत्काल बर्खास्तगी एवं आपराधिक मुकदमा दर्ज करने, छात्रों और जन आंदोलनों पर हो रहे दमन को तुरंत रोकने तथा मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून को कमजोर करने की साजिश पर पूर्ण विराम लगाने की कड़ी मांग की गई। जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि मनरेगा करोड़ों गरीब, मजदूर और किसानों की जीवनरेखा है। इसे बचाने की आवाज को लाठियों और दमन से दबाने का प्रयास कांग्रेस और एनएसयूआई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगी। यदि सरकार ने अपनी दमनकारी नीति नहीं बदली, तो कांग्रेस और एसएसयूआई सड़कों से लेकर सदन तक आर–पार का निर्णायक संघर्ष करने को मजबूर होंगी। इस विरोध प्रदर्शन में अखिल भारतीय कांग्रेस के सदस्य ओमप्रकाश ठाकुर, जिला प्रवक्ता उदय प्रताप राय, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हफीजुर्रहमान, मनोज गिहार, नजीर अहमद, सुहैल एडवोकेट, जिला सचिव सच्चितानंद राय, राहुल मौर्या, शाहिद फारूकी, कार्यालय प्रभारी अमरनाथ योगी, सोशल मीडिया अध्यक्ष फहद कादिर, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, मनोज यादव, एसएनयूआई के निवर्तमान जिलाध्यक्ष तौसीफ इलाही, सरोज पांडेय, हीरामति, उर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अवैध खनन की बलि चढ़ा एक और मजदूर

## – साक्ष्य मिटाने के लिए खून और बालू पर डलवाई मिट्टी

## – रामपुर मथुरा में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

## – पुलिस और खनन माफिया के गठजोड़ पर उठे संगीन सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामपुर मथुरा, सीतापुर। जिले में अवैध खनन के खूनी खेल ने एक और हंसते–खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांसुरा पेट्रोल पंप के पास बालू से लदी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन इस हादसे के बाद जो हुआ, उसने मानवता और कानून व्यवस्था दोनों को शर्मसार कर दिया है। घटना देर रात की है, जब धोंधी ग्राम निवासी गंगाराम (पुत्र किसन) बालू से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर जा रहा था। रतार तेज थी और वाहन अवैध बालू से ओवरलोड था। अचानक नियंत्रण खोने के कारण ट्रैक्टर पलट गया और गंगाराम उसके नीचे दब गया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुँचते, तब तक गंगाराम दम तोड़ चुका था। साक्ष्य मिटाने का खेल इस हादसे के बाद जो तस्वीरें सामने आईं, वे चौंकाने वाली हैं। आरोप है कि स्थानीय पुलिस और खनन माफिया ने मृतक के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के बजाय अपने काले कारनामों को छिपाने की कोशिश की। कानूनी शिकंजे से बचने के लिए दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर–ट्रॉली को आनन–फानन में मौके से हटा दिया गया। सड़क पर बिखरी अवैध बालू और खून के निशानों पर मिट्टी डलवा दी गई ताकि अवैध खनन का कोई सबूत शेष न रहे। माफिया–पुलिस जुगलबंदी के बीच न्याय की गुहार स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह अवैध कारोबार प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के बिना यह खेल मुमकिन नहीं है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं और साक्ष्य मिटाने में जुट जाएं, तो गरीब को न्याय कैसे मिलेगा? मिट्टी केवल बालू पर नहीं, बल्कि कानून की मर्यादा पर भी डाली गई है। एक स्थानीय ग्रामीण झ परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल, प्रशासन से तीन बड़ी मांगें गंगाराम अपने घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन के सामने कड़ी शर्तें रखी हैं हत्या का मुकदमारू दोषी खनन माफिया के खिलाफ तत्काल हत्या की धारा में केस दर्ज हो। पुलिस पर कार्रवाईरू साक्ष्य मिटाने में शामिल0पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाए। पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। फिलहाल पुलिस प्रशासन जांच का आश्वासन दे रहा है, लेकिन घटनास्थल से मिटाए गए सबूत पुलिस की नीयत पर गहरे सवाल खड़े कर रहे हैं। क्या सीतापुर प्रशासन इन सफेदपोश अपराधियों पर नकेल कस पाएगा?



# धोखाधडी कर बैंक खातों से पैसा निकालने वाले दो शातिर गिरफ्तार

## - चोरी के एटीएम सहित 32 हजार रुपए नकद बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लोगों की सहायता का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधडी कर खातों से धनराशि निकालने वाले 02 शातिर अन्तर्राज्यीय अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के शान्ति नगर के रहने वाले राहुल पुत्र बच्छराज द्वारा 12 जनवरी को थाना कोतवाली नगर में सूचना दी कि 08 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा छलपूर्वक एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खाते से रुपए निकाल लिए। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरतारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधडी कर खातों से धनराशि निकालने वाले अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को पुलिस लाइन तिराहा एसबीआई एटीएम के पास से गिरतार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना स्वीकार करते हुए बताया कि वे एटीएम मशीनों के आसपास खड़े होकर भोले–भाले, अकेले एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को सहायता का झांसा देकर छलपूर्वक उनका एटीएम कार्ड बदल लेते थे। इसके उपरांत चोरी किए गए एटीएम कार्ड एवं पिन की सहायता से पीड़ित व्यक्तियों के खातों से धनराशि निकाल लेते थे। पीड़ितों को धोखाधड़ी की जानकारी तब होती थी, जब उनके खातों से धनराशि निकल चुकी होती थी। अभियुक्तों द्वारा 08 अक्टूबर 2025 एवं 29 अक्टूबर 2025 को इस प्रकार की धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। गिरतार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए 05 एटीएम कार्ड एवं 32 हजार रु नगद बरामद हुए हैं। पकड़े गए अभियुक्त राजू उर्फ श्यामलाल पुत्र अच्छेलाल निवासी देवेन्द्र नगर थाना देवेन्द्र नगर जनपद पन्ना (म0प्र0), अनिरुद्ध उर्फ भोलू पुत्र सूरजपाल निवासी देवेन्द्र नगर थाना देवेन्द्र नगर जनपद पन्ना (म0प्र0) के विरुद्ध मु0अ0सं0– 22/26 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस बढोत्तरी धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर मु0अ0सं0–888/25धारा 303(2)/318(4)317(2)/317(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली टीम में बलराम सिंह प्र0निरी0 थाना कोतवाली नगर उ0नि0 आनन्द साहू चौकी प्र0 सिविल लाइन उ0नि0 गौरव प्रताप सिंह कां0 जितेन्द्र द्विवेदी कां0 नितेन्द्र कुमार शामिल रहे।



# सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या 3033/तीस–3–2025 31 दिसंबर 2025 द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चौदहवें दिवस उदयवीर सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), सौरभ कुमार सम्भागीय परिवहन अधिकारी, श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, संदीप अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम व मुकेश बाबू गुप्ता सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम द्वारा परिवहन निगम के चालको, परिचालकों व कर्मचारियो को सडक सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। उक्त के अतिरिक्त वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी के साथ द्वारा युद्धस्तर पर अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 318 बिना हेलमेट, 18 बिना सीटबेल्ट, 10 रांग साइड, 16 वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने एवं अन्य अभियोगों में 52 चालान किये गये साथ ही मार्ग प्रयोक्ताओं को पम्पलेट वितरित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।



# एनएच-30 पर काल बनकर दौड़ा बेकाबू कंटेनर, बाइक सवार महिला की मौत

## – जिला सूचना अधिकारी समेत चार घायल

फोटो परिचय–21

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। जनपद के खैराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे–30 पर बुधवार की दोपहर उस वक्त चीख–पुकार मच गई, जब एक अनियंत्रित तेज रतार कंटेनर ने भारी तबाही मचाई। नशे में धुत चालक ने एक के बाद एक चार वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में एक महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि जिला सूचना अधिकारी सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मछरेहटा चुंगी के पास मची अफरा–तफरी प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा मछरेहटा चुंगी के पास हुआ। तेज रतार कंटेनर ने सबसे पहले एक बाइक को जोरदार टक्कर मारी और उसके बाद सड़क पर चल रही तीन कारों को रौंदते हुए काफी दूर जाकर रुका। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। अस्पताल ले जाते समय महिला ने तोड़ा दम हादसे में बाइक सवार रेनू शुक्ला (पत्नी वीरेंद्र शुक्ला) गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बडेलिया की निवासी बताई जा रही हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में जिला सूचना अधिकारी भी शामिल इस सड़क दुर्घटना में कार सवार जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार समेत चार लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही खैराबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। नशे में धुत था चालक, पुलिस ने किया गिरतार स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंटेनर चालक शराब के नशे में था, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है। नशे की पुष्टि के लिए चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। झ ग्रामीणों की मांगरू हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने एनएच–30 पर भारी वाहनों की रतार पर अंकुश लगाने और ओवरस्पीडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सिस्टम ने बेंची हरियाली, लकड़ी माफियाओं के रसूख के आगे वन विभाग नतमस्तक!

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। योगी सरकार एक तरफ वृक्षारोपण महाकुंभ के जरिए करोड़ों की लागत से प्रदेश को हरा–भरा बनाने का दावा कर रही है, वहीं जनपद की सिधौली रेंज (अटरिया क्षेत्र) से रूह कंपा देने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। यहाँ इलेक्ट्रॉनिक आरे की गड़गड़ाहट ने पर्यावरण का सीना छलनी कर दिया है। सरकारी फाइलों में जो पेड़ ऑक्सीजन दे रहे हैं धरातल पर माफिया उन्हें नोटों में तब्दील कर चुके हैं। खाकी और खाकी (वन विभाग) की मौन सहमति में कट रही औषधियाँ हैरानी की बात यह है कि पर्यावरण का यह कत्लेआम कहीं दूर–दराज के जंगलों में नहीं, बल्कि अटरिया थाने और विभागीय कार्यालयों की नाक के नीचे हो रहा है। दुंदपुर गांव यहाँ नहर किनारे खड़े औषधीय गुणों वाले नीम और गूलर के पेड़ों को बेरहमी से साफ कर दिया गया। गुलरिया मोड़रू थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित देसी शराब की दुकान के पास खुलेआम कुल्हाड़ी चली, लेकिन पुलिस को न शोर सुनाई दिया और न ही लकड़ी ढोते वाहन दिखे। लहूरिवन गांव मंदिर जैसे पवित्र स्थान के पास खड़े प्राचीन पेड़ों को भी माफियाओं ने नहीं बख्शा। कागजी बाजीगरी परमिट पाटिन का, कटान देसी का सूत्रों ने वन विभाग के भीतर चल रहे एक बड़े भ्रष्टाचार के खेल का पर्दाफाश किया है। आरोप है कि उच्च अधिकारियों की आँखों में धूल झोंकने के लिए श्परमिटश तो पाटिन या कलमी पेड़ों का दिखाया जाता है, लेकिन इसकी आड़ में सदियों पुराने मोटे और औषधीय पेड़ों को जमींदोज कर दिया जाता है। कम पेड़ों के परमिट पर दोगुने पेड़ काटना अब यहाँ की श्अघोषित नीतिश बन चुकी है। श्अंगद के पैरश की तरह जमे भ्रष्ट कारिंदे, किसका है वरदहस्त? इस पूरे प्रकरण में सबसे चौंकाने वाला नाम रामसेवक वर्मा (वाइट प्रभारी, सिधौली रेंज) का सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, साहब बीते 10 वर्षों से एक ही जनपद और एक ही बीट में श्अंगद के पैरश की तरह जमे हुए हैं। आखिर वो कौन सा आका है जो इन पर आंच नहीं आने देता? पूर्व में समाचार पत्रों में खबरें छपने और स्पष्टीकरण मांगे जाने के बावजूद कार्रवाई का शून्य रहना यह साबित करता है कि माफिया–अधिकारी गठजोड़ बहुत गहरा है। अंधेरगर्दी के बीच सुलगते सवाल क्या मुख्यमंत्री के पर्यावरण संरक्षण के आदेश केवल पोस्टर और विज्ञापनों तक सीमित हैं? एक ही जगह 10 साल से जमे अधिकारियों का तबादला न होना क्या किसी बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा नहीं करता? अटरिया पुलिस और वन विभाग की इस कुंभकर्णी नींद की कीमत क्या आने वाली पीढ़ी को चुकानी होगी? अटरिया में हरियाली का अंत केवल पेड़ों का कटना नहीं, बल्कि उस विश्वास का कटना है जो जनता शासन–प्रशासन पर करती है। अगर अब भी उच्च अधिकारियों ने सुध नहीं ली, तो यह क्षेत्र जल्द ही मरुस्थल में बदल जाएगा।



# मकर संक्रांति, लोहड़ी पर्व एव नया वर्ष का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। महिला वैश्य समाज के तत्वाधान में मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का पर्व एवं नया वर्ष सभी पदाधिकारी महिलाओं द्वारा नम्रता गोयल के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। सभी महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दी। गीत संगीत, नृत्य एवं रोचक गेम्स भी आयोजित किए गए। सामाजिक कार्यों को लेकर विचार विमर्श भी किए गए। पदाधिकारियों में जया पुरवार, रीता गुप्ता, नीलिमा पुरवार, सुनीता गुप्ता, गीता सोनी, अपूर्वा सोनी, किरन गुप्ता, नंदिनी गुप्ता, ममता नगरिया, मंजू रूसिया, दीपाली ओमर, नम्रता गोयल, नम्रता गुप्ता, मंजरी ओमर, ज्योति पुरवार, अंकिता रानी चंदेरिया, शोभा गुप्ता उपस्थित रहीं। जिलाध्यक्ष रानी दमेले अंजू ने सभी महिलाओं को मकर संक्रांति पर्व की बधाइयां देकर सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्मे वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्मे वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने मनाया लोहड़ी पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा 13 जनवरी को वाहिनी मुख्यालय परिसर, नानपारा में लोहड़ी पर्व का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के समस्त कार्मिकों, उनके परिवारजनों एवं संदीक्षा सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को यादगार बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गंगा सिंह उदावत,




कमाण्डेंट, 42 वीं वाहिनी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा उनके प्रेरणादायी शब्दों से कार्मिकों का मनोबल सु.ढ़ हुआ। आकर्षक सजावट, पारंपरिक रूप से सुसज्जित ग्राउंड, विभिन्न सेल्फी प्वाइंट्स एवं लोक–संगीत की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को उल्लास, उमंग और पारिवारिक सौहार्द से भर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि यह एकता, परंपरा, आशा और नवप्रभात का प्रतीक है, जो अग्नि की लौ के साथ हृदयों में उल्लास और विश्वास का संचार करता है। कार्यक्रम के दौरान पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी एवं कार्यवाहक कमाण्डेंट, 59 वीं वाहिनी ने आयोजन को सफल बनाने हेतु वाहिनी कार्मिकों एवं संदीक्षा सदस्यों के सामूहिक एवं अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लोहड़ी पर्व से जुड़े उत्साह, उमंग और विश्वास के भाव को बल की निरंतर प्रगति एवं संगठनात्मक एकजुटता का आधार बनाने का आह्वान किया। यह आयोजन बल के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के मध्य आपसी सामंजस्य, सांस्:तिक विरासत एवं सकारात्मक ऊर्जा को सु.ढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# नानपारा के ग्राम रहीमनगर में सम्पन्न हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

## - पूर्व सांसद ने एसडीएम व सीओ के साथ वितरित किये कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम रहीमनगर में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी व पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह व अन्य के साथ जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर पूर्व सांसद श्री गोंड ने एसडीएम नानपारा की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है जिससे आमजन को वास्तविक रूप से न्याय प्राप्त हो रहा है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि तहसील प्रशासन की जिम्मेदारी



केवल कानून–व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप शीतलहर के दौरान सभी जरूरतमन्द व्यक्तियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व शिवपुर के मथुरा प्रसाद, थानाध्यक्ष खैरीघाट, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# 16 ग्राम स्मैक के एक व्यक्ति गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 16 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरतार कैलाश चंद रमोला कमांडेंट 59 वाहिनी के दिशानिर्देशन के अनुसार सीमा चौकी बलाईगाँव से उप निरीक्षक (सामान्य) नरेश कुमार के साथ 04 अन्य कार्मिक, स्थानीय पुलिस थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव तथा 01 अन्य कार्मिक के साथ भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त करते हुए सीमा स्तंभ संख्या 665/1 की तरफ जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को सामने आता



देख वह व्यक्ति घबराय गया और भागने की कोशिश करने लगा, परंतु गश्ती दल ने तुरंत घेरावंदी करके उसे पकड़ लिया और उससे भागने का कारण एवं नाम–पता पूछा। इस पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिल कुमार चौदरी, पुत्र परदेशी चौदरी, बजनाथ, जिला बर्दिया, नेपाल का निवासी बताया। गश्ती दल द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास नशीला पदार्थ स्मैक है, और इसी कारण वह भाग रहा था। गश्ती दल कमांडर द्वारा इसकी सूचना तुरंत असम सुशिल सिंह सहायक कमांडेंट को दी गई। सूचना मिलते ही उक्त अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनकी उपस्थिति में पकड़े गए व्यक्ति की जमा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान प्लास्टिक की एक छोटी पोटली बरामद हुई। पोटली खोलने पर उसमें स्मैक पाया गया। उक्त अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया।

# सकरा ग्राम सभा की मुसहर बस्ती में समाजसेवा की मिसाल

## - संजय ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल व खाद्य सामग्री का वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सर्द मौसम और बढ़ती महंगाई के दौर में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए राहत का हर एक प्रयास किसी वरदान से कम नहीं होता। गाजीपुर सदर ब्लाक की सकरा ग्राम सभा के अंतर्गत



आने वाली मुसहर बस्ती में आज ऐसा ही एक मानवीय और प्रेरणादायी .श्य देखने को मिला, जब समाजसेवी संजय कुमार यादव ने जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण कर मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सामाजिक कार्यक्रम में बस्ती के बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने खाद्य सामग्री एवं कंबल प्राप्त किए। ठंड से जूझ रही मुसहर बस्ती के लोगों के चेहरों पर राहत और संतोष की झलक साफ देखी जा सकती थी। सीमित आमदनी, अस्थायी रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण यहां का जीवन संघर्षों से भरा हुआ है। सर्दी के मौसम में हालात और भी कठिन हो जाते हैं, जब ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त वस्त्र और भोजन जुटाना भी चुनौती बन जाता है। ऐसे समय में समाजसेवी संजय कुमार यादव द्वारा किया गया यह वितरण कार्यक्रम न सिर्फ राहत पहुंचाने वाला रहा, बल्कि बस्ती के लोगों के मन में यह भरोसा भी जगा गया कि समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों के साथ खड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद परिवारों को कंबल, लाई, तिलवा, ड्रूंडा और आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई। खास तौर पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को प्राथमिकता दी गई, ताकि वे सर्दी से सुरक्षित रह सकें। बस्ती की महिलाओं ने बताया कि ठंड के दिनों में बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल सबसे बड़ी चिंता होती है। कंबल मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। वहीं युवाओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करते हैं। कार्यक्रम का सबसे भावुक .श्य तब देखने को मिला, जब छोटे–छोटे बच्चे कंबल ओढ़कर मुस्कुराते नजर आए। ठिठुरती ठंड में यह कंबल उनके लिए सिर्फ एक वस्तु नहीं, बल्कि सुरक्षा और स्नेह का प्रतीक बन गया। बुजुर्गों ने संजय कुमार यादव को दुआएं देते हुए कहा कि ऐसे लोग ही समाज की असली पूंजी होते हैं। एक बुजुर्ग महिला ने भावुक होकर कहा कि जब कोई हमारे बारे में सोचता है, तो लगता है कि हम इस समाज में अकेले नहीं हैं। इस तरह के शब्द समाजसेवा की सार्थकता को स्वयं बयां कर रहे थे। इस अवसर पर समाजसेवी संजय कुमार यादव ने कहा कि समाज का हर सक्षम व्यक्ति यदि अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद करे, तो किसी भी गरीब को किसी अभाव में जीवन नहीं बिताना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुसहर जैसी वंचित बस्तियों तक सहायता पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रयास सिर्फ एक दिन का नहीं है, बल्कि वे आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ऐसे समुदायों के लिए कार्य करते रहेंगे। गाजीपुर सदर ब्लाक की सकरा ग्राम सभा की मुसहर बस्ती में समाजसेवी संजय कुमार यादव द्वारा किया गया कंबल एवं खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम निस्संदेह एक प्रेरणादायी सामाजिक पहल रहा। इसने न सिर्फ जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित किया। आज जब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और बुजुर्गों की आंखों में संतोष दिखाई दिया, तो यह साफ हो गया कि समाजसेवा का असली पुरस्कार यही है। ऐसे प्रयास यदि निरंतर चलते रहें, तो वह दिन दूर नहीं जब हर बस्ती, हर गांव और हर जरूरतमंद व्यक्ति सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जी सकेगा।

# पूर्व सभासद वकील को मिली एआईएमआईएम की कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर–खीरी। आगामी स्थानीय चुनावों और संगठन की मजबूती को देखते हुए ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुसलमीन ने कस्बा खीरी में बड़ा दांव खेला है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने क्षेत्र के कद्दावर नेता और पूर्व सभासद वकील अहमद पर भरोसा जताते हुए उन्हें नगर अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। अनुभव को मिली तरजीह वकील अहमद की नियुक्ति की खबर फैलते ही कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों



का मानना है कि वकील अहमद का पूर्व सभासद के रूप में लंबा अनुभव और जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ पार्टी के लिए संजीवनी का काम करेगी। उनकी सादगी और विकास कार्यों के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए ही पार्टी ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी को मजबूत करना पहली प्राथमिकता नवनियुक्त नगर अध्यक्ष वकील अहमद ने हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूँगा। मेरा मुख्य उद्देश्य कस्बा खीरी के कोने–कोने तक मजलिस की विचारधारा को पहुँचाना और दबे–कुचले समाज की आवाज को बुलंद करना है। जश्न का माहौल नियुक्ति की घोषणा के बाद समर्थकों ने उन्हें फूल–मालाओं से लाद दिया और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान समर्थकों ने नारे–तकबीर और बैरस्टर असदुद्दीन ओवैसी जिंदाबाद के नारे लगाकर पूरे कस्बे का माहौल सियासी कर दिया।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

– अनफिट स्कूल वाहनों व सड़क सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

– एनएचएआई को हाईवे पर सुरक्षा मानको को दुरुस्त करने के दिये दिशा निर्देश

– गोल्डन हॉर्वस में मदद करने वाले मददगारों और कार्मिकों को किया जाएगा सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में लोकवाणी सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सु.ण बनाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निजी स्कूलों में यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों को लाने ले जाने के लिए कोई भी अनफिट वाहन न चलें, जिलाधिकारी ने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की, की वर्तमान में 55 से 60: स्कूलों में वाहन असुरक्षित है, उन्होंने यह



निर्देश दिए की स्कूल प्रशासन मानकों के अनुरूप सुरक्षित वाहनो की व्यवस्था करें, ऑटो या ई–रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एन एच ए आई को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे के दोनों और समुचित बैरिकेडिंग और सही रिलेक्टर लगाई जाए, हाईवे पर जहां निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर ग्रीन सिग्नल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो, साथ ही साथ डिवाइडर की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और लेट और यू टर्न पर स्पष्ट लोगों और साइन बोर्ड लगाई जायें, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच के लिए ब्रीथ एनालाइजर का उपयोग सुनिश्चित हो, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एन एच ए आई और शिक्षा विभाग बड़े स्तर पर सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाएं, साथ ही जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सड़क हादसे के बाद गोल्डन आवर्स में घायलों की मदद करने वाले मददगारों और कार्मिकों को सम्मानित किया जाए, अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल व निर्माण एजेंसीयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

# मिहींपुरवा तहसील में भ्रष्टाचार का खुला खेल, साहब मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिहींपुरवा, बहराइच। तहसील इन दिनों जनसेवा के बजाय श्उगाही का अड्डाश बन चुकी है। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को ठेंगा दिखाते हुए यहाँ के लेखपाल अपनी जेबें भरने में मस्त हैं। तहसील प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली का फायदा उठाकर लेखपालों ने हर काम की बोली लगा रखी है, जिससे क्षेत्र का आम आदमी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है। सूत्रों से पता चला है कि लेखपाल उपकार मिश्रा ने सरकारी काम की आड़ में राजेश श्रीवास्तव नाम के शख्स को अपना श्कलेक्टरश (वसूली एजेंट) बना रखा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि बिना राजेश के श्ग्रीन सिग्नलश और चढ़ावे के, लेखपाल की कलम नहीं चलती। यह सांठगांठ इतनी मजबूत है कि गरीब किसान अपनी ही जमीन के कागजात के लिए अपनी गाढ़ी कमाई लुटाने को विवश है। जब कोई पीड़ित इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करता है, तो उक्त मनबढ़ अटार्नी द्वारा फोन करके ग्रामीणों को भद्दी भद्दी गालियां व जानमाल की धमकी दी जाती है। मिहींपुरवा तहसील में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यहाँ सरकारी शुल्कों का कोई मोल नहीं है। विरासत (प क 11)रू जो काम पूरी तरह निशुल्क होना चाहिए, उसके लिए 1 से 2 हजार रुपये की खुलेआम सौदेबाजी हो रही है। वहीं छात्र–छात्राओं के आय, जाति और निवास प्रमाणपत्रों पर भी 300–500 रुपये तथा प्रत्येक खसरा का 100 से 200 रुपये, वहीं खसरे में पेड़ों को दर्ज करने हेतु प्रति पेड़ 100 रुपये श्टैक्सश वसूला जा रहा है। क्षेत्र में चर्चा आम है कि क्या तहसीलदार और एसडीएम मिहींपुरवा इतने असहाय हो चुके हैं कि उन्हें अपने मातहतों की मनमानी दिखाई नहीं दे रही? लेखपालों पर नियंत्रण की कमी यह दर्शाती है कि या तो अधिकारियों का इकबाल खत्म हो चुका है, या फिर इस षमलाईष में पर्दे के पीछे सबकी मूक सहमति है।।

### क्या कहते हैं, पीड़ित ग्रामीण

तहसील में लेखपाल साहब मिलते नहीं और उनके गुर्गे बिना पैसे के फाइल आगे बढ़ने नहीं देते। हम गरीब कहाँ जाएं? अब देखना यह है कि इस खबर के प्रकाशन के बाद जिले के उच्चाधिकारी गहरी नींद से जागते हैं या मिहींपुरवा की जनता इसी तरह भ्रष्टाचार की चक्की में पिसती रहेगी। इस संबंध में जब एसडीएम से बात करने की कोशिश की गई, तो उनका पक्ष नहीं मिल सका।

# सार्वजनिक जिंद बाबा स्थल पर अवैध कब्जे की कोशिश

न्यूज वाणी ब्यूरो /लखीमपुर खीरी। नगर पंचायत खीरी के मोहल्ला तबेला में एक सार्वजनिक स्थल पर अवैध कब्जे को लेकर तनाव व्याप्त है। मोहल्ले की एक महिला ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर दबंगों द्वारा सार्वजनिक जमीन को हड़पने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार मोहल्ला तबेला निवासी सायमुन (पत्नी स्व. लियाकत अली) के घर के सामने एक सार्वजनिक जमीन है, जिसे जिंद बाबा का स्थान के रूप में जाना जाता है। आरोप है कि मोहल्ले के ही कुछ दबंग व्यक्ति अब्दुल रशीद उर्फ डान, बाबू, सैफ अली, इस्लाम और अनीश इस कीमती सार्वजनिक भूमि पर जबरन पक्का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस कार्रवाई के बाद भी नहीं माने दबंग पीड़िता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी पुलिस को सूचना दी गई थी। 10 जनवरी 2026 को पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर शांति भंग की धाराओं के तहत चालान किया था लेकिन आरोप है कि जमानत पर छूटते ही विपक्षीगणों के हौसले और बुलंद हो गए। उन्होंने फिर से नींव खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया और विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। नगर पंचायत और प्रशासन पर सवाल प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने आशंका जताई है कि विपक्षीगण नगर पंचायत खीरी कार्यालय की मिलीभगत से इस सार्वजनिक भूमि को हथियाने की फिराक में हैं। 13 जनवरी को पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से पूरे मोहल्ले में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# व्यापारियों ने खिचड़ी भोज व सम्मान समारोह का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल इकाई डलमऊ के पदाधिकारी ने मकर संक्रांति के अवसर पर विशाल खिचड़ी भोज एवं व्यापारी सम्मान सभा का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने खिचड़ी का स्वाद चखा और आयोजित सभा में क्षेत्र के सम्मानित व्यापारियों एवं वरिष्ठजनों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया।

14 जनवरी को आयोजित हुए इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा आयोजित सभा में रमाकांत अवस्थी द्वारा आल्हा गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम गुप्ता का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। व्यापारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ब्रजेश दत्त गौड़ उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी समाज का सहयोगी होता है। व्यापारियों के हितों में यदि कहीं आंच तो वह प्रशासन से लेकर शासन तक की लड़ाई लड़ेंगे। जिलाध्यक्ष दीप नारायण साहू ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है वह व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के संरक्षक योगेंद्र शुक्ला कोषाध्यक्ष सुशांत त्रिपाठी तहसील अध्यक्ष कुलदीप वैश्य ऋषभ गुप्ता कुलदीप साहू संतोष सोनकर सुधीर जायसवाल मनोज सोनकर लालजी सिंह राजू बलराम यादव त्रिलोकी सोनकर अशोक सोनकर एवं अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज में मनाया गया स्वदेशी खेल सत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन



के संयोजन में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी खेल सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। नीरज कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा पे चर्चा की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के उपरान्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला 12 जनवरी से 23 जनवरी तक निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत आज के कार्यक्रम स्वदेशी खेल सत्र में विद्यालय के प्रवक्ता संजय कटारा द्वारा छात्र– छात्राओं को दौड़ प्रतियोगिता, श्रीमती प्रीती जैन द्वारा छात्राओं को खों खों एवं अन्य खेल क्रियाएं कराई गई। छात्रों की दौड़ प्रतियोगिता में अरसद एवं अमित ने प्रथम स्थान, हार्दिक एवं हर्षित ने द्वितीय स्थान एवं आदेश और प्रभात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता में गुंजन ने प्रथम स्थान, पूनम ने द्वितीय स्थान एवं कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन निशान्त जैन, अंजय जैन, शैलेंद्र जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, प्रशांत जैन एवं विपुल जैन ने किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षक साथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पसीना वाले हनुमान मंदिर का एक करोड़ रुपए की धनराशि से होगा सौंदर्यीकरण

## - फिरोजाबाद बनेगा धार्मिक पर्यटन विख्यात केंद्र : जयवीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। पर्यटन विभाग ने जनपद के बहुचर्चित पसीना वाले हनुमान मंदिर के पर्यटन के विकास का निर्णय लिया है। लगभग 2000 वर्ष प्राचीन माने जाने वाले इस ऐतिहासिक मंदिर को शासन स्तर से अनुमोदित कार्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्:ति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग का यह प्रयास फिरोजाबाद को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। जनपद मुख्यालय से कुछ किलोमीटर की दूरी पर यमुना नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध पसीना वाले हनुमान मंदिर का समग्र पर्यटन विकास किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सूचना केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थलों का निर्माण किया जाएगा। पसीना वाले हनुमान मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आस्था तर्क से आगे निकल जाती है। अपनी तरह के इस अनूठे मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा से वर्ष भर पसीना निकलता रहता है। सर्दियों में भी प्रतिमा पर पसीने की बूंदें श्रद्धालुओं को आश्चर्यचकित करती है। इसी चमत्कारी विशेषता के कारण लोग इस मंदिर का दर्शन करने दूर–दूर से आते हैं। मंत्री ने बताया कि पर्यटन के लिहाज से फिरोजाबाद महत्वपूर्ण जिला है। लखनऊ और आगरा रूट से जुड़े होने की वजह से जिले में पर्यटकों की आवक बढ़ी है। वर्ष 2023 में जनपद आने वाले पर्यटकों की संख्या 04.44 से अधिक थी, जो साल 2024 में बढ़कर 06.48 लाख के पार चला गया। वर्ष 2025 के जनवरी से जून महीने तक 04.06 लाख से अधिक पर्यटकों ने जिले की सैर की। पर्यटन विभाग का अनुमान है कि 2025 के वर्षांत तक यह आंकड़ा 07 लाख के पार जा सकता है। बड़ी संख्या में पर्यटक आगमन से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार के भी रास्ते खुले हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि फिरोजाबाद आस्था, ऐतिहासिक धरोहर और प्र.ति की गोद में सिमटा जनपद है। यह अब केवल कांच नगरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से उभरते ईको पर्यटन गंतव्य के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान गढ़ रहा है। जिले में जैन मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर और माता टीला मंदिर जैसे आस्था के केंद्रों से लेकर कोटला का किला, चंदवार गेट और फिरोज शाह के मकबरे जैसी ऐतिहासिक



विरासत पर्यटकों को आकर्षित करती है। वहीं, ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा विकसित रपड़ी ईको स्पॉट और रूरिया स्वरूपपुर आज प्र.ति प्रेमियों और पर्यटकों के बीच खास आकर्षण बनकर फिरोजाबाद को पर्यटन मानचित्र को गति दे रहे हैं।

# सीडीओ ने निर्माणाधीन मेला मैदान से मिदनियां सड़क के परखे हालात

## – आरसीसी सड़क से बदलेगा यातायात परिदृश्य व मिलेगी अतिक्रमण से निजात

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने एसडीएम सदर के साथ मेला मैदान से मिदनियां तक निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क के मध्य स्थित विद्युत खंभों एवं ट्रांसफार्मर को सड़क किनारे स्थानांतरित



किए जाने के कार्य की प्रगति भी देखी गई। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया कि सड़क के मध्य लगे विद्युत पोलों को आगामी दो दिनों के भीतर सड़क के किनारे शिट कराया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत सीडीओ द्वारा मेला मैदान चौराहे से मिदनियां की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात जाम एवं अतिक्रमण की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया गया। सड़क के किनारे दुकानों के बाहर रखे सामान एवं अस्थायी अतिक्रमण के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने एसडीएम सदर तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देशित किया कि दुकान के बाहर एवं सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तत्काल स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही सीडीओ द्वारा मौके पर उपस्थित दुकानदारों से अपील की गई कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए अपना सामान सड़क पर न रखें तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर सीडीओ के साथ एसडीएम सदर श्री अश्वनी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवा, संवेदना व संकल्प का उदाहरण बना नेत्र जांच शिविर

## – बनकटी बुजुर्ग में दो सैकड़ा ग्रामीणों की हुई जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्राथमिक विद्यालय बनकटी बुजुर्ग में विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अखिल शाक्य के संयोजन में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के करीब दो सैकड़ा ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में आज भी आंखों



से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता तथा सुलभ उपचार की कमी बनी हुई है। ऐसे शिविर जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हैं। किसी ग्रामीण व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटना केवल उसका ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए उजाले के समान है। समाजसेवा के ऐसे मानवीय प्रयास निरंतर चलते रहने चाहिए। शिविर संयोजक अखिल शाक्य ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। शिविर में नेत्र जांच के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की पहचान की गई। पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत निरूशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में नेत्र परीक्षक प्रतिभा पाठक, प्रवीन तिवारी, शशांक दुबे तथा सहायक शिव प्रताप आदि ने अपनी सेवाएं दीं। ग्रामीणों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंजीत शाक्य, नितिन शाक्य, कौशल शाक्य, हिमांशु शाक्य, विक्रम शाक्य, रोहित शाक्य, राहुल श्रीवास्तव, रामदास चक, आलोक ठाकुर, सिपाहीराम शाक्य, इच्छाराम शाक्य सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# 40 वर्ष की उम्र में बुझ गया हँसता-खेलता परिवार का चिराग

## – पत्नी व दो बच्चों को रोता छोड़ गया सोनू जैन

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। सराय शेख क्षेत्र से एक अत्यंत दुःखद समाचार सामने आया है। महावीर जैन के सुपुत्र सोनू जैन अब हमारे बीच नहीं रहे। लगभग 40 वर्ष की आयु में उनका 14 जनवरी की सुबह आठ बजे के करीब असामयिक निधन हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार सोनू जैन कुछ समय से अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती थे, जहाँ उनका लगातार इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्यवश जीवन की यह जंग वह जीत नहीं सके। सोनू जैन अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बच्चियों का भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके असमय चले जाने से न सिर्फ परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, बल्कि मोहल्ले और जानने वालों में भी गहरा शोक व्याप्त है। सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे सभी के प्रिय थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

# चौथे स्तंभ की मर्यादा व दायित्व का सतत निर्वहन न्यूज वाणी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र की जितनी भी कल्पना की जाए, उतनी ही वह शब्दों से परे प्रतीत होती है। यह मात्र एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज की नब्ज पर हाथ रखे वह सशक्त माध्यम है, जो सच, संवेदना और सरोकारों की आवाज बनकर प्रतिदिन जन–जन तक पहुँचता है। चौथे स्तंभ से जुड़े हम न्यूज वाणी परिवार के लोग न थकते हैं, न रुकते हैं। हमारी



लेखनी हर उस कोने तक पहुँचती है, जहाँ आम आदमी की आवाज अक्सर दबा दी जाती है। हम वही दिखाते हैं, वही लिखते हैं, जो वास्तव में घट रहा है.कहाँ अन्याय है, कहाँ संघर्ष है और कहाँ उम्मीद की कोई किरण समाज को नई दिशा दिखा रही है। न्यूज वाणी केवल खबरों का संकलन नहीं करता, बल्कि समाज को जागरूक करने का दायित्व भी पूरी निष्ठा से निभाता है। यह जनता और प्रशासन के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में खड़ा होकर, जनहित के मुद्दों को निर्भीकता और ईमानदारी के साथ सामने लाता है। गाँव की गलियों से लेकर शहर की सड़कों तक, हर सच्ची घटना को तथ्यात्मक और संतुलित रूप में प्रस्तुत करना ही इसकी पहचान है। आज के दौर में, जब समाचार भी बाजारवाद की चपेट में आते दिखाई दे रहे हैं, न्यूज वाणी सच को निभाने का साहस दिखा रहा है। यही कारण है कि पाठकों का अटूट विश्वास, समाज का सम्मान और पत्रकारिता की गरिमा इस समाचार पत्र से गहराई से जुड़ी हुई है। निस्संदेह कहा जा सकता है। जहाँ सच बोलने का साहस हो, जहाँ जनहित सर्वोपरि हो, जहाँ पत्रकारिता अपना धर्म निभाए, वही है न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र। लेखन ब्यूरो इटावा न्यूज वाणी संजीव शर्मा।

# सड़क दुर्घटना में दस वर्षीय बालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ, रायबरेली। बुधवार सुबह एक हंसते खेलते परिवार की दुनिया उजड़ गयी जब एक तेज रतार क्रेटा वाहन ने दस वर्षीय बालक मासूम को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना सुबह तकरीबन ग्यारह बजे की है जब दस बर्षीय बालक अली हुसैन पुत्र अफाक हुसैन निवासी मियां टोला अपने दरवाजे खेल रहा था अज्ञात परिस्थितियों में तेज रतार वाहन क्रेटा संख्या यूपी–32क्यूसी/1917 ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके बाद वहां उपस्थित लोगों व वाहन स्वामी द्वारा बच्चे की आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले जाया गया। जहां से उसे ऐंम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया इलाज के दौरान मासूम अली हुसैन की मौत हो गयी। क्रेटा वाहन शैलजा सिंह निवासी लखनऊ के नाम रजिस्टर्ड है। इस प्रकरण पर चौकी प्रभारी विनय पाठक ने बालक की इलाज के दौरान मौत की पुष्टि की है।

# तीस लाख रुपए कीमत के 101 खोए मोबाइल बरामद, मालिकों को सौपे

## - मोबाइल पाकर जनता के चेहरे पर मुस्कान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सर्विलांस एवं विशेष कार्य दल द्वारा अथक परिश्रम करते हुए जनता के खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के कुल 101 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये है, को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सकुशल सुपुर्द किया गया। आमजनमानस द्वारा मोबाइल फोन गुम हो जाने पर भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर पोर्टल (संचार साथी पोर्टल) पर शिकायतें दर्ज करायी गयी थीं। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक एप पर गुमशुदा वस्तु रिपोर्ट तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किये गये थे। जिनका संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्विलांस टीम को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु



निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में सर्विलांस एवं विशेष कार्य दल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों का संकलन कर गहन जांच की गयी, जिसके परिणामस्वरूप जनता के कुल 101 गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक तलाश किये गये, जिन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 14 जनवरी को उनके वास्तविक मोबाइल मालिकों को वितरित किया गया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त होने पर मोबाइल मालिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बरामद मोबाइलों में ओप्पो कम्पनी के 05 मोबाइल, वीवो कम्पनी के 32 मोबाइल, रियलमी कम्पनी के 25 मोबाइल, रेडमी कम्पनी के 11 मोबाइल, सैमसंग कम्पनी के 05 मोबाइल, इनफिनिक्स कम्पनी के 04 मोबाइल, टेक्नो कम्पनी के 03 मोबाइल, पोको कम्पनी के 02 मोबाइल, वन प्लस कम्पनी के 04 मोबाइल, मोटोरोला कम्पनी के 04 मोबाइल, आईक्यू कम्पनी के 02 मोबाइल, लावा कम्पनी के 02 मोबाइल, नथिंग कम्पनी का 01 मोबाइल तथा आईटेल कम्पनी का 01 मोबाइल शामिल है। इस सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक बेचन कुमार सिंह प्रभारी विशेष कार्य दल, उप निरीक्षक नागेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस, मुख्य आरक्षी कुलदीप यादव, मुख्य आरक्षी राशिद खाँ, मुख्य आरक्षी जगपाल, मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र, मुख्य आरक्षी दुष्यन्त, मुख्य आरक्षी सुधीर, आरक्षी आनन्द कुमार, आरक्षी अनुज कुमार, आरक्षी अंकित, आरक्षी सुरजीत, आरक्षी अरविन्द कुमार, आरक्षी आदेश कुमार, आरक्षी डेविड चौहान एवं आरक्षी पुष्पेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 25,000 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# दो अभियुक्त अवैध तमंचा व चोरी का सामान सहित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में थाना भरथना पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। 13/14 जनवरी की रात्रि को थाना भरथना पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान पुलिस को आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि गणेश राइस मिल के पास स्थित पावर हाउस के समीप कुछ व्यक्ति चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और दो अभियुक्तों को गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्तों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक अवैध लोहे की चापड़ तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे दिन में रेकी कर रात्रि के समय चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। अभियुक्तों की निशादेही पर कांशीराम कॉलोनी गिहार नगर क्षेत्र से दो बोरी एवं एक प्लास्टिक की पन्नी में भरा चोरी किया गया घरेलू सामान भी बरामद किया गया। इस दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर एक अभियुक्त अभिषेक पुत्र कंजू मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरतारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है। उक्त गिरतारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना भरथना में मु0अ0सं0 07/2026 धारा 305, 313, 317(2) भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राज उर्फ राजू पुत्र शंकर बाल्मीकि निवासी कांशीराम कॉलोनी गिहार नगर तथा मोनू पुत्र महेश निवासी गिहार नगर कस्बा भरथना शामिल हैं। अभियुक्त



राज उर्फ राजू का पूर्व में भी गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है, जिसके विरुद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे पंजी.त हैं। बरामद सामान में अवैध तमंचा, कारतूस, लोहे की चापड़, रॉड, स्क्रू ड्राइवर, रेती, छेनी, हथौड़ी, प्लास, कटर सहित चोरी की गई स्टील की टोटियां, स्टील पाइप, हरे रंग के पर्दे, एलईडी टीवी, सेटअप बॉक्स, एल्यूमिनियम का भगौना, तांबे व पीतल के लोटे तथा कांसे की कटोरी शामिल हैं। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक विक्रम सिंह प्रभारी थाना भरथना, उप निरीक्षक राजकुमार, कांस्टेबल अजय सिंह, हिमांशु शुक्ला, रिंकू कुमार एवं चालक राजकिशोर सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खोए मोबाइल व साइबर ठगी की रकम लौटाकर बढ़ाया जनता का भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना बसरेहर साइबर सेल टीम द्वारा 03 स्मार्ट फोन, कुल कीमत करीब 50,000 रुपये, एवं साइबर फ्रॉड से निकाले गये 47,625 रुपये वापस कराये गये। थाना बसरेहर साइबर सेल टीम द्वारा विगत एक माह के दौरान पोर्टल के माध्यम से प्रतिदिन ट्रेसबिलिटी चेक करते हुए आवेदकों के खोए हुए तीन स्मार्ट मोबाइल फोन सकुशल बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किये गये, एवं साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये 47,625 रुपये को 12 जनवरी को संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए न्यायालय के आदेशानुसार आवेदक को वापस कराया गया। आवेदकों में अंकित पुत्र अशोक कुमार निवासी खडकौली थाना बसरेहर का एक स्मार्ट फोन, आरक्षी अवनीत कुमार, पूर्व तैनाती पुलिस लाइन इटावा, एक स्मार्ट फोन, पवनेस कुमार पुत्र सुरेन्द्र, निवासी बरालोकपुर, थाना चौबिया, जिला इटावा, एक स्मार्ट फोन, त्मंसउम कम्पनी का, कुलदीप कुमार समाधिया पुत्र छोटे लाल, निवासी कस्बा बसरेहर, जिला इटावा, साइबर फ्रॉड से निकाले गये 47,625 रुपये वापस कराये गये। साइबर सेल टीम, उ0नि0 सौरभ सिंह, थानाध्यक्ष थाना बसरेहर इटावा, कम्प्यूटर ऑपरेटर अभिषेक चौधरी थाना बसरेहर आरक्षी धर्मवीर, थाना बसरेहर शामिल रहे।

# पैंतालीस लाख का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

## - गाजीपुर, एसओजी व इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना पुलिस, एसओजी व इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीमों ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को गिरतार कर लिया। उसके पास से 92.06 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस टीम ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष गाजीपुर पुलिस व एसओजी व इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीमों ने 13/14 जनवरी की रात्रि को चेकिंग के दौरान ईको वैन सवार राजेश महरा पुत्र लल्लू प्रसाद महरा निवासी ग्राम खांडा थाना अनूपपुर जनपद अनूपपुर मध्य प्रदेश को 92.06 किग्रा कीमत लगभग पैंतालीस लाख रूपए के अवैध गांजा के साथ गिरतार किया। बरामदगी व गिरतारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 06/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजी.त कर गिरतार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। एक अन्य अभियुक्त प्रकाश नापित उर्फ बड़कू पुत्र रामदीन नापित निवासी रामपुर थाना आमलई जनपद शहडोल मध्य प्रदेश मौके से फरार हो



गया। फरार अभियुक्त की गिरतारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। गिरतार करने वाली टीम में गाजीपुर थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव, इंटेलीजेंस विंग प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद मिश्र अपनी–अपनी टीमों के साथ शामिल रहे।

# ठंड से ठिठुरते गरीबों को मिली गर्माहट

## - मानव उत्थान सेवा समिति ने 60 जरूरतमंदों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पड़ रही भीशण ठंड के बीच मानव उत्थान सेवा समिति, श्री हंस आश्रम शांतीनगर ने गरीब और असहाय लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। परम पूज्य सद्गुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से श्रेयांश जी महाराज के जन्मोत्सव नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 60





गरीबों को गर्म कंबल वितरित किए गए। यह नेक कार्य आश्रम प्रभारी साध्वी दुर्गाबाई के कुशल संयोजन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं सभासद संजय कुमार श्रीवास्तव, सभासद विवेक नागर, सभासद विनय तिवारी एवं सभासद सूर्य प्रकाश ने कंबल वितरण में सहभागिता की और जरूरतमंदों का उत्साहवर्धन किया। मानव उत्थान सेवा समिति की यह पहल मानव धर्म के आदर्शों के अनुरूप समाज के कमजोर वर्गों की मदद करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऐसे कार्यक्रम सर्दियों की कड़कड़ाती ठंड में गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सद्गुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में ऐसी सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे, ताकि समाज का हर वर्ग सुख–शांति का अनुभव कर सके।

# रेलवे स्टेशन पर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति के अंतर्गत बुधवार को थाना जीआरपी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान टीम ने मौके पर उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किए। उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के विषय



में विस्तार से जानकारी दी। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, आपातकालीन सेवाओं एवं महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। इस अवसर पर महिलाओं को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी गई तथा इनके लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। महिला टीम द्वारा छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, नशे से दूर रहने एवं जागरूक बनकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश भी दिया गया। साथ ही यह अपील की गई कि प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं मित्रों के साथ साझा करें ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। अभियान के दौरान महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं सशक्त बनाना है।

# सफारी पार्क के निदेशक ने डॉ. हरीशंकर पटेल को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सफारी पार्क के निदेशक डॉ० अनिल कुमार पटेल एवं उप निदेशक डॉ० विनय कुमार सिंह द्वारा अपना दल (एस) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, बैडमिन्टन प्रशिक्षक डॉ० हरीशंकर



पटेल जिला वरिष्ठ उपाध्यक अरवल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ सफारी की हैन्ड पहनाकर इटावा सफारी पार्क में 28 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता हेतु 15 अक्टूबर से 07 नवंबर तक आयोजित किए गए विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को निःशुल्क सफलतापूर्वक प्रशिक्षण देने के फलस्वरूप सफारी पार्क में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सफारी पार्क के रेन्जर साहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। बधाई देनें वालों का लगा तांता जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र जैन सर्वेश चौहान संजय वर्मा इकरार अहमद रजीत कुशवाह लल्लू वारसी हरिओम गुप्ता यामीन रिकू चौधरी सुशीला राजावत अर्चना कुशवाह पूजा श्रीवास्तव वर्षा दुवे के आदि ने हृदयतल से ढेरों बधाई दी।

# जी-रामजी विकसित भारत जन जागरण चौपाल का आयोजन

## – मुख्य अतिथि रहे सांसद डाक्टर आनंद गौड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बडगांवा में सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड ने विकसित भारत–जी राम जी के तहत 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी विषय पर जन जागरण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, ग्रामीण रोजगार सृजन, गरीब एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।




# रेडक्रास चेयरमैन ने जरूरतमंदों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिन्हित अतिजरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों को कंबल वितरण किया।

डॉ अनुराग ने मधुपुरी के पांच, हरगनपुर के पांच, रमवां के तीन, सोनही के चार, लोटहा के दस, मऊ के सात कुल 34 कम्बल व दो जरूरतमन्दों को तिरपाल वितरित किए। डा. अनुराग ने कहा कि भीषण ठण्ड के बीच सबसे अधिक गरीब वर्ग को कंबल व तिरपाल की दरकार रहती है। प्रत्येक वर्ष उनकी ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष भी लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। यदि किसी जरूरतमंद को कंबल व तिरपाल की आवष्यकता हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है। इस अवसर पर महेंद्र शुक्ल संरक्षक, चैतन्य कुमार, अशोक शुक्ला उपस्थित रहे।

# विधायक ने जरूरतमंदों को कंबल व खिलाड़ियों को दी किट

## – सनगांव में बिंदकी विधायक का हुआ जोरदार स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सनगांव में बुधवार को ग्राम प्रधान इतिखार खान की अगुवई में विधायक जय कुमार सिंह जैकी का भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ। विधायक का ग्रामीणों ने फूल–माला पहनाकर ऐतिहासिक स्वागत



किया। तत्पष्चात विधायक ने जरूरतमंदों को कंबल व खिलाड़ियों को खेलकूद किट का वितरण किया। जिसे पाकर सभी ने विधायक की सराहना की। जरूरतमंदों को कंबल व खिलाड़ियों को क्रिकेट किट, बालीवाल किट, बैटमिंटन किट दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री जैकी ने कहा कि वह विधानसभा क्षेत्र को विकास की ऊंचाईयों पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा के प्रत्येक गांव में सड़क बनवाई जा रही है। इतना ही नहीं सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ भी जरूरतमंदों व असहायों को दिलाने का काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यदि किसी को कोई समस्या आए तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि मोईन खान, शिवकुमार अग्निहोत्री, मनीश पटेल, श्याम तिवारी, मासूक खान, रामशरन पाल, डा. नागेन्द्र, शाहनवाज खां, मुजाहिद खां, सोहराब खान, बीडीसी विनोद धोबी, सेराज खान, नियाज खान, उमेश, नीरज चौरसिया, सकलैन खान, खैरूल आब्दीन भी मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने जावा येझदी शोरूम का किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मोटरसाइकिल की श्रृंखला में जावा येझदी का बेहद पुराना नाम है। संतोष मोटर्स का भव्य उद्घाटन बुधवार को शहर के पीरनपुर इलाके में समाजसेवी संतोष कुमार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल प्रेमियों ने शिरकत की और शोरूम का विजिट कर बाइक की खूबियां जानी।



शोरूम के प्रोपराइटर ने बताया कि जावा में आठ प्रकार के माडल उपलब्ध हैं। जिसकी कीमत दो लाख चालीस हजार रूपए से दो लाख पचहत्तर हजार रूपए तक है। फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। पहले दिन ही कई ग्राहकों को बाइक की चाभी सौंपी गई। इस मौके पर अयाह–शाह विधायक विकास गुप्ता, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, मुखलाल पाल, विमल गुप्ता, कमल गुप्ता, विजय गुप्ता, आदर्श गुप्ता, लव गुप्ता, शैलेश गुप्ता, नमो नरायन गुप्ता, नवनीत सिंह मौजूद रहे।

# श्री सिद्धपीठ ताबेश्वर मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

## – मंदिर परिसर में सुबह से चला पूजा–अर्चना का दौर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर जनपद के प्रसिद्ध श्री सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष आयोजन के मुख्य



आयोजक ऋषि रंजन मिश्रा एवं सुचिता मिश्रा रहे। उनके नेतृत्व में मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजा–अर्चना का दौर चला, जिसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। पारंपरिक व्यंजनों का प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें 112 टीम (पुलिस सहायता) की ओर से भी सक्रिय सहभागिता दर्ज की गई। टीम के सदस्यों ने न केवल व्यवस्था संभालने में मदद की, बल्कि सेवाभाव के साथ इस धार्मिक कार्य में अपना योगदान भी दिया। आयोजकों ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व पर जनसेवा और दान का विशेष महत्व है, भंडारे में आए भक्तों ने तांबेष्वर महादेव के दर्शन किए और भक्तिमय माहौल में प्रसाद पाकर आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की।

# टीकर गांव में किसान की गला रेतकर निर्मम हत्या

## - एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

## - घटना के खुलासे के लिए टीमों का किया गठन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव में मंगलवार की



रात एक अधेड़ किसान की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह अरहर के खेत में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया। जानकारी के अनुसार टीकर गांव निवासी रामसुमेर उर्फ प्यारे सिंह (45) पुत्र शिवगोविंद मंगलवार की रात भोजन करने के बाद रोज की तरह अपने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित ट्यूबवेल पर सोने गए थे। बुधवार की सुबह निर्धारित समय तक घर न लौटने पर परिजन उन्हें तलाशने लगे। ट्यूबवेल पर ताला बंद मिलने के बाद परिजन गांव के आसपास खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान अरहर के खेत में एक शव पड़ा मिला, जिसकी गर्दन कटी हुई थी। बाद में शव की पहचान रामसुमेर के रूप में हुई। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन मौके से गायब है और कॉल करने पर फोन बंद आ रहा है। इस आधार पर पुलिस लूट अथवा अन्य किसी साजिश की आशंका को भी ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सूचना मिलते ही असोथर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह, क्षेत्राधिकारी थरियांव वीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया गया और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। एसपी ने पुलिस टीमों का गठन करते हुए इस निर्मम हत्याकाण्ड का शीघ्र खुलासा करते हुए अभियुक्तों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए। मृतक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। उसके परिवार में पत्नी रेनू सिंह, दो बेटियां और दो छोटे बेटे हैं। पति की हत्या से पत्नी का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था, जबकि उसका छोटा भाई कानपुर में नौकरी करता है।

# जिला एथलेटिक्स संघ का कैलेंडर घोषित

## - जनवरी व फरवरी माह में होंगी प्रमुख प्रतियोगिताएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के ज्वालागंज के निकट स्थित एक होटल में बुधवार को जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व लक्ष्मण अवार्डी रविकांत मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ का एथलेटिक्स कैलेंडर घोषित कर दिया गया है। जिसके तहत जनवरी व फरवरी माह में दो प्रमुख प्रतियोगिताएं होंगी। बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की पहल पर अस्मिता लीग का आयोजन होगा। जिसमें 14 व 16 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं प्रतिभाग करेंगी। अंडर–14 बालिकाओं हेतु ट्रायथलान ए, ट्रायथलान बी, ट्रायथलान सी, किड्स जैवलिन व अंडर–16 बालिकाओं के लिए 60 मीटर दौड़ 600 मीटर दौड़, हाई जंप, लांग जंप, डिस्कस थ्रो–1.00 किलोग्राम, शाट पुट–3 किलोग्राम, जैवलिन थ्रो 500 ग्राम (10) मीटर अप्रोच शामिल है। प्रतियोगिता में कोई भी प्रवेश व प्रतियोगिता शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा 10वीं जिला वार्षिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप जूनियर 31 जनवरी व 10वीं जिला वार्षिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप सीनियर मई/जून माह में जिला खेल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जिले की सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों व विनियमों के अनुसार होगी। इसके अलावा मार्च व




अप्रैल में डोपिंग जागरूकता सेमिनार व टेक्निकल ऑफिशियल्स की परीक्षा आयोजित होगी। इस मौके पर चेयरमैन अरविंद पाल सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप के सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य कुमार, उपाध्यक्ष मुक्ति नारायण सिंह, वरिष्ठ संयुक्त सचिव मनोज कुमार, संयुक्त सचिव सीमा चोहान, शिव प्रताप सिंह, राकेश कुमार मिश्रा के अलावा चयन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खान शामिल रहे।

# एडीजी ने माघ मेला की तैयारियों का लिया जायजा

## - डीएम-एसपी समेत सभी सीओ के साथ की बिंदुवार समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। माघ मेला व मौनी अमावस्या पर प्रयागराज (संगम) में जुटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज ज्योति नारायण ने माघ मेला– 2026 की तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस लाइन सभागार में उन्होंने जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के साथ ही समस्त क्षेत्राधिकारियों की मौजूदगी में बैठक कर बिंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या के स्नान पर्व हेतु रूट डायवर्जन व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित आयोजन के .ष्टिगत पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ थाना खागा क्षेत्रान्तर्गत नवीन मंडी एवं थाना कोतवाली



नगर क्षेत्रान्तर्गत मदारीपुर मोड पर वाहन पार्किंग (होल्डिंग एरिया) व लखनऊ बाईपास स्थित रूट डायवर्जन का स्थलीय निरीक्षण किया। इससे पहले अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज ज्योति नारायण के पुलिस लाइन आगमन पर रिज़र्व पुलिस लाइन में गार्द द्वारा सलामी दी गई। तदोपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के साथ गेस्ट हाउस रिजर्व पुलिस लाइन में माघ मेला–2026 के .ष्टिगत यातायात डायवर्जन, पार्किंग होल्डिंग एरिया, भीड़–प्रबंधन एवं अन्य आवशयक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक किया। इसके साथ ही जनपद के राजपत्रित अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण पर चर्चा करते हुए जिम्मेदारों को आवशयक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह एवं समस्त जनपद के सभी क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बांके बिहारी मंदिर परिसर में पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन

## - तत्कालीन डीएम के पिता चिकित्सक डा. महेन्द्र सिंह ने कराया निर्माण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शांतीनगर जीटी रोड स्थित बांके बिहारी सेवा समिति के व्यवस्थापक प्रदीप गर्ग के कुशल नेतृत्व में बांके बिहारी परिसर में नवनिर्मित पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन समारोह श्रद्धा व गरिमा के साथ हुआ। पुस्तकालय का निर्माण पूर्व जिलाधिकारी अन्जनेय कुमार के पिताजी चिकित्सक डॉ. महेंद्र सिंह द्वारा कराया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र सिंह एवं जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसे शिक्षा और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्घाटन से पूर्व विधिवत पूजन –हवन का आयोजन किया गया। बाद में विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं व नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में एडीएम, एसडीएम सदर, सदर तहसीलदार, एडीएम



न्यायिक सुनील कुमार, फतेहपुर जनपद के पूर्व विधायक विक्रम सिंह अनिल सिंह गौतम काली शंकर मामा, अभय गुप्ता, शाश्वत गर्ग, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, नगर पालिका ईओ रविंद्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, सुशील मिश्रा, मनीष गुप्ता, मोनू श्रीवास्तव, अभिनव यादव, तरुण पुरवार रवि तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, अमित शरण बॉबी, अमित सोनी, बबलू सोनी सहित समाज के अनेक प्रतिष्ठित व सामाजिक लोग मौजूद रहे। प्रदीप गर्ग ने कहा कि यह पुस्तकालय युवाओं को ज्ञान से जोड़ने और संस्कारों के संवर्धन का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में जनसहभागिता उत्साहपूर्ण रही।

# मकर संक्रांति : सरस्वती बाल मंदिर में बच्चों ने उड़ाई पतंगें



## – एक–दूसरे का मुंह मीठा कराकर त्योहार का लिया आनंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सरस्वती बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गंगानगर में बच्चों के चेहरों पर खुशी और आसमान में रंग–बिरंगी पतंगों की छटा छाई रही। स्कूल परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह से पतंगें उड़ाईं और एक–दूसरे का मुंह तिल–गुड़ से मीठा कराकर त्योहार का आनंद लिया। यह देखकर हर किसी का मन प्रसन्न हो गया जब बच्चे जोश–खरोश के साथ पतंग उड़ाते नजर आए। आसमान में ऊंची उड़ान भरती पतंगें और बच्चों की मासूम हंसी ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित कुमार शुक्ला ने मकर संक्रांति के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार सूर्य के उत्तरायण होने, नए फसल के आगमन और प्र.ति के साथ जुड़ाव का प्रतीक है। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में स्कूल के सभी गुरुजन और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# प्रमाण पत्र नहीं मिलने पर डीएम से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विजयीपुर विकास खण्ड के गाजीपुर निवासी जुल्फिकार उल्ला ने बताया कि उनकी माता का निधन 30 दिसंबर 2025 को हुआ था। देहान्त उपरांत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु नियमानुसार आवेदन किया। संबंधित कार्यालय को समस्त आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए। पीड़ित का कहना है कि कई बार अनुरोध के बावजूद प्रमाण पत्र नहीं जारी किया गया। कार्य के संबंध में सचिव पर टाल मटोल व अनावश्यक रूप से हैरान व परेशान करने का आरोप लगाया। बार–बार कार्यलय के चक्कर लगाने पर कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा रहा है। पीड़ित ने इस समस्या के निवारण के लिए डीएम से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि प्रमाण पत्र के बिना सरकारी कार्य व अन्य कानूनी कार्यवाही प्रभावित हो रही है।

# ओवर ब्रिज पर डिवाइडर से टकराई बाइक, जीजा की मौत

## – हादसे में साला गंभीर घायल, चल रहा उपचार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चक्की ओवर ब्रिज में बुधवार की दोपहर अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे जीजा–साला गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां जीजा को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर नई बस्ती निवासी देवीचरन का 50 वर्षीय पुत्र निरंजन गौतम अपने साले अनिल पुत्र रमेश निवासी बेनीपुर थाना धाता के साथ उसकी ससुराल बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जा रहे थे। जैसे ही ये लोग चक्की नाका ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जीजा निरंजन गौतम को मृत घोषित कर दिया। उधर घायल साले का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियानी के समीप मंगलवार की शाम बाइकों की हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार हेतु सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। बताते चलें कि गाजीपुर थाने के फरीदाबाद टिकरी गांव निवासी रामकृपाल का 23 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार अपने साथी सनी पुत्र संतोष के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब यह लोग चुरियानी के समीप पहुंचे तभी राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव निवासी सुखदेव का 30 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार बाइक लेकर आ रहा था। तभी दोनों के बीच भिड़ंत हो गई। जिसमें धर्मेन्द्र की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि विमलेश व सनी घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान विमलेश ने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# विधायक ने जियारेश्वर धाम मेले का किया शुभारंभ

## – मेले का लोगों ने उठाया लुत्फ, की खरीददारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने ग्राम शाह में मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान शिव के दर्शन कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जियारेश्वर धाम के ऐतिहासिक मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह मेला पूरे सप्ताह चलेगा। मेले में जनपद से ही नहीं पूरे प्रदेश से आए दुकानदारों ने अपनी–अपनी दुकाने सजा रखी हैं। भगवान शिव के दर्शन करने के पश्चात् मेले का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। अपनी आवश्यकता के अनुसार खरीददारी भी की। इस मौके पर शाह प्रधान सुशील सिंह चंदेल, ज्ञानेंद्र सचान, ऐश्वर्य सिंह चंदेल, दिनेश तिवारी खलीफा, प्रकाश चंद्र गुप्ता, रमेश गुप्ता, रमेशर सिंह, आनंद गुप्ता, शत्रुघ्न सिंह, गौरव गुप्त, ओपी अवस्थी, अंकित भी मौजूद रहे।



# विनोबा नगर में समरसता भोज का हुआ आयोजन

## – बच्चों ने खिचड़ी का उठाया लुत्फ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विनोबा नगर में संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र की ओर से खिचड़ी भोज समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विनोबा नगर के बच्चों एवं पुरुषों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। प्रमुख सहयोगी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, बीडीओ उन्नाव संध्या रानी, रेडक्रास चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव, भोजन जन सेवा समिति के संस्थापक कुमार शेखर, मोनू अवस्थी, रिंकू द्विवेदी, अतुल अवस्थी, अनिल द्विवेदी, शैलेश आदि लोगों का सहयोग रहा। आचार्य राम नारायण ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि समाज में सभी का सहयोग बना रहे। ऐसी उनकी अपेक्षा है। वितरण कार्य में प्रमुख सहयोग प्रवीण कुमार, पंकज कुमार का भी सहयोग रहा।



स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )